(13) *Avachchameliyam* (avyatyamredit)—This includes avoiding two faults. To pause where a pause is not required and not to pause where a pause is required during elocution. Expanding the text by interpolating it with one's own ideas and matter. The commentator (*Tika*) has explained this with an example.

(5) In Dwarka city ruled king Shrikrishna. He had three divine bugles or trumpets named—Kaumudaki, Sangramiki and Audbhutiki. The first was blown to announce the Kaumudi (moonlit night) festival, the second to announce a war and the third for some sudden warning.

Shrikrishna had one more divine trumpet coated with divine sandalwood paste. This was blown every six months. Those who heard the sound of this trumpet were cured of any disease they contracted during past six months and also became immune to any disease for coming six months.

One day a person suffering from high fever came and asked when the trumpet was scheduled to be blown ? The keeper of the trumpet informed that it was to be blown after six months and only Shrikrishna could blow it. The patient now offered the keeper one thousand gold coins and sought a small portion of the sandalwood coating. Out of greed the keeper agreed. He scraped a small part of the coating replacing it with fresh sandalwood paste. Once started, this process continued and many more

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ailing persons enjoyed this benefit on payment. Soon the trumpet was left with a coating of ordinary sandalwood only.

After six months, at the scheduled time Shrikrishna called for the trumpet and blew it for pacifying ailments. The trumpet produced sound but it failed to pacify ailments. When Shrikrishna investigated he found about the misdeed by the keeper. He punished the keeper.

Shrikrishna again performed worship of gods and acquired a new curative trumpet. This time he appointed another keeper who was very honest and was ever alert to protect the divine trumpet.

The lesson of this story is that a disciple who mixes some text obtained from heretics with the lessons given to him by his *guru* and spoils the scriptures is undeserving and the one who protects the scriptures and keeps it undefiled is deserving like the second keeper of the trumpet. *Avyatyamredit* means perfect original text or scripture. The original text of *Agam* as given by *Ganadharas* should be read and recited as it is. (*Visheshavashyak Bhashya*, verse 855)

(14) *Padipunnam* (pratipurna)—rendered eloquently and with metrical perfection, not missing any letter or syllable.

(15) *Padipunnaghosam* (pratipurnaghosh)—rendered in perfect accent ensuring perfection in low and high pitch as well.

(16) *Kanthotthavippamukkam* (kanthoshtavipramukta)—recited perfectly and clearly with vocal cords and lips, these two being the prominent organs of speech in human body.

(17) *Guruvayanovagayam* (guruvachanopagat)—acquired through the discourse of the *guru*. That acquired by hearing the *guru's* discourse stealthily or acquired just through reading is excluded from this. In the ancient times each script was learned from the *guru* strictly following the prescribed procedure.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

A very important statement is included at the end of this aphorism—even after perfectly reciting and revising the *Avashyak* without any of these seventeen faults why it is still classified as *dravya avashyak* (physical *avashyak*) ? The answer is *'no anuvekkha'* or it has not been pondered over. When a lump of iron is heated it turns into a ball of fire. In the same way when the text goes through the process of contemplation, rumination, and so on, it turns into the energy needed for purification of the self. To be absorbed in such contemplation is called *anuvekkha (anupreksha)*. (*Tattvarth Vartik* 9/25).

(१) आगमतः द्रव्य आवश्यक और नय दृष्टियाँ

१५. (१) णेगमस्स एगो अणुवउत्तो आगमओ एगं दव्वावस्सयं, दोण्णि अणुवउत्ता आगमओ दोण्णि दव्वावस्सयाइं, तिण्णि अणुवउत्ता आगमओ तिण्णि दव्वावस्सयाइं, एवं जावइया अणुवउत्ता तावइयाइं ताइं णेगमस्स आगमओ दव्वावस्सयाइं।

१५. (१) नैगम नय (सामान्य-विशेष दोनों को ग्रहण करता है) की अपेक्षा एक अनुपयुक्त–उपयोगशून्य आत्मा आगमतः एक द्रव्य आवश्यक है। दो उपयोगशून्य आत्माएँ आगमतः दो द्रव्य आवश्यक हैं। तीन अनुपयुक्त आत्माएँ आगमतः तीन द्रव्य आवश्यक हैं। इस प्रकार जितनी भी अनुपयुक्त आत्माएँ हैं, नैगमनय की अपेक्षा उतनी ही आगमतः द्रव्य आवश्यक हैं।

(1) ***AGAMATAH DRAVYA AVASHYAK* AND NAYA ASPECTS**

15. (1) According to the *Naigam naya* (co-ordinated viewpoint that includes ordinary and special both) one non-contemplative soul is one *agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* with scriptural knowledge). Two non-contemplative souls are two physical *avashyaks* with scriptural knowledge. Three non-contemplative souls are three physical *avashyaks* with scriptural knowledge. In the same way as many non-contemplative souls are, there are that many *agamatah dravya avashyaks* (physical *avashyaks* with scriptural knowledge).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२) एवमेव ववहारस्स वि।

(२) इसी प्रकार व्यवहार नय (विशेष अथवा भेद को ग्रहण करने वाला) भी आगमतः द्रव्य आवश्यक के भेद स्वीकार करता है। (नैगम और व्यवहार की कथन-शैली एक समान है)

(2) Same is true for *Vyavahar naya* (particularized viewpoint). (The style of stating is same for both co-ordinated and particularized viewpoints).

(३) संगहस्स एगो वा अणेगा वा अणुवउत्तो वा अणुवउत्ता वा आगमओ दव्वावस्सयं वा दव्वावस्सयाणि वा से एगे दव्वावस्सए।

(३) संग्रह नय (सामान्य मात्र को ग्रहण करने वाला) एक अनुपयुक्त आत्मा आगमतः एक द्रव्य आवश्यक है। (किन्तु अनेक अनुपयुक्त आत्माएँ आगमतः अनेक द्रव्य आवश्यक हैं-ऐसा स्वीकार नहीं करता है।) वह सभी आत्माओं को एक द्रव्य आवश्यक ही मानता है। क्योंकि वह समूहग्राही है।

(3) According to *Samgraha naya* (generalized viewpoint) one non-contemplative soul is one *agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* with scriptural knowledge). (But it does not accept that many non-contemplative souls are many physical *avashyaks* with scriptural knowledge. According to this all non-contemplative souls fall into just one category of physical *avashyak* with scriptural knowledge. This is because it is collective standpoint.

(४) उज्जुसुयस्स एगो अणुवउत्तो आगमओ एगं दव्वावस्सयं, पुहत्तं नेच्छइ।

(४) ऋजुसूत्र नय (पर्याय मात्र को ग्रहण करने वाला) की अपेक्षा एक अनुपयुक्त आत्मा आगमतः एक द्रव्य आवश्यक है। वह पृथक्त्व (भेदों) को, भिन्नता को स्वीकार नहीं करता।

(4) According to *Rijusutra naya* (precisionistic viewpoint; viewpoint related to specific point or period of time) one non-contemplative soul is one *agamatah dravya avashyak*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(physical *avashyak* with scriptural knowledge). This viewpoint has no scope for variations or differences.

(५) तिण्हं सद्दनयाणं जाणए अणुवउत्ते अवत्थू। कम्हा ? जइ जाणए अणुवउत्ते ण भवइ। से तं आगमओ दव्वावस्सयं।

(५) तीनों शब्द नय (शब्द, समभिरूढ़, एवंभूत नय) जो शब्द को ही अपना विषय बनाते हैं, ज्ञायक यदि अनुपयुक्त उपयोगशून्य होता है, तो उसे अवस्तु (अवास्तविक) मानते हैं। क्योंकि ज्ञायक (ज्ञाता) उपयोगशून्य नहीं होता। यदि उपयोगशून्य है तो वह वास्तव में ज्ञायक नहीं है।

यह आगम से द्रव्य आवश्यक का स्वरूप कहा है।

(नयों की विस्तृत व्याख्या आगे नयद्वार में दी जायेगी। यहाँ पर केवल सात नयों की अपेक्षा से आवश्यक क्या है इसी पर संक्षिप्त प्रकाश डाला है।)

(5) According to the three *Shabda nayas* (*Shabda naya, Samabhirudha naya* and *Evambhuta naya*) or verbal viewpoints (verbal viewpoint, conventional viewpoint and etymological viewpoint) if a knower is devoid of the faculty of contemplation he is unreal. This is because without the faculty of contemplation he cannot be a knower. Thus if he is non-contemplative he is in fact not a knower.

This concludes the description of *agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* with scriptural knowledge).

(The subject of *nayas* or viewpoints will be dealt in details in the chapter on *nayas*. Here only *Avashyak* has been defined according to the seven viewpoints in brief.)

(२) नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक

१६. से किं तं नोआगमतो दव्वावस्सयं ?

नोआगमतो दव्वावस्सयं तिविहं पण्णत्तं। तं जहा-(१) जाणगसरीरदव्वावस्सयं (२) भवियसरीरदव्वावस्सयं (३) जाणगसरीर भवियसरीरवतिरित्तं दव्वावस्सयं।

१६. (प्रश्न) नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक क्या है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उत्तर) नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक तीन प्रकार का है–(१) ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक, (२) भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक, (३) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर तट व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक।

(2) NO-AGAMATAH DRAVYA AVASHYAK

16. (Question) What is *no-agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* without scriptural knowledge)?

(Answer) *No-agamatah dravya avashyak* (physical *avashyak* without scriptural knowledge) is of three types—(1) *Jnayak sharir dravya avashyak,* (2) *Bhavya sharir dravya avashyak,* and (3) *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya avashyak.*

(१) ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक

१७. से किं तं जाणगसरीरदव्वावस्सयं ?

जाणगसरीरदव्वावस्सयं-आवस्सए त्ति पयत्थाधिगारजाणगस्स जं सरीरयं ववगय-चुय-चाविय-चत्तदेहं जीवविप्पजढं सेज्जागयं वा संथारगयं वा सिद्धसिलातलगयं वा पासित्ता णं कोइ वएज्जा–अहो ! णं इमेणं सरीरमुस्सएणं जिणदिट्ठेणं भावेणं आवस्सए त्ति पयं आघवियं पण्णवियं परूवियं दंसियं निदंसियं उवदंसियं।

जहा को दिट्ठंतो ? अयं महुकुंभे आसी, अयं घयकुंभे आसी। से तं जाणगसरीर दव्वावस्सयं।

१७. (प्रश्न) ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक इस प्रकार है–यह आवश्यक पद के अर्थाधिकार को जानने वाले का ऐसा शरीर है, जो **व्यपगत** है–चेतनारहित है। **च्युत**–आयुष्यकर्म के क्षय होने से प्राण चले गये हैं–**च्यावित** अथवा शस्त्रादि प्रयोग से जिसे प्राणरहित किया गया है। **त्यक्तदेह**–अनशन आदि द्वारा जीव से विप्रमुक्त है। (इसका कारण यह है कि) उस शरीर को शय्या, बिछौने, श्मशान भूमि या सिद्धशिला तल पर देखकर यह सामान्य बात है कि कोई कहे–अहो (आश्चर्य है) इस पौद्गलिक शरीर ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जिन-उपदिष्ट भाव के अनुसार आवश्यक पद का आख्यान किया था, गुरु से अध्ययन किया था, प्रज्ञापन किया था, शिष्यों को पढ़ाया था, प्ररूपणा की थी। **दर्शन**–अपने आचरण द्वारा शिष्यों को दिखाया था। **निदर्शन**–अक्षम शिष्यों को विशेष रूप से समझाया था। **उपदर्शन**–नयों एवं युक्तियों द्वारा शिष्यों के हृदयों में उतारा था।

प्रश्न–(शिष्य पूछता है) इसका समर्थक कोई दृष्टान्त है ?

उत्तर–(गुरु) हाँ, जैसे खाली घड़े को सामान्यतया ऐसा कहते हैं कि यह मधु घट था, यह घृत घट था (परन्तु वर्तमान में मधु या घृत से रहित है)। यह ज्ञायक शरीर द्रव्य आवश्यक का स्वरूप है।

(1) JNAYAK SHARIR DRAVYA AVASHYAK

17. (Question) What is *Jnayak sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the knower).

(Answer) *Jnayak sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the knower) is explained thus—It is such a body of the knower of the purview of the meaning of the *Avashyak* that is dead or devoid of life because of end of life-span defining *karmas* (*chyut*), that has been killed or deprived of life using a weapon or other means (*chyavit*), or that has voluntarily embraced death or has been voluntarily abandoned by the soul through fasting or other such religious act (*tyaktadeha*). (This is because it is a natural reaction that) seeing such a body lying on a bed, mattress, cremation ground or *Siddhashila* someone utters—Oh ! this physical body was the instrument of learning the *Avashyak (Sutra)*, as preached by the Jina, from the *guru;* reciting and explaining it to disciples, confirming it by demonstration, giving its special lessons to weak students, and affirming it with the help of logic and multiple perspectives (*naya*).

Question—(asked by a disciple) Is there some analogy to confirm this ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Answer—(by the *guru*) Yes, for example (it is conventionally said that) this was a pot of honey or this was a pot of butter (although at present it contains neither honey nor butter).

This concludes the description of *Jnayak sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the knower).

विशेष शब्दों के अर्थ–शय्या–देह प्रमाण बिछौना।

संस्तारक–ढाई हाथ प्रमाण बिछौना।

सिद्धशिला–यहाँ सिद्धशिला का अर्थ ईषत् प्राग्भारा नामक पृथ्वी से नहीं है, जहाँ पर सिद्ध आत्मा विराजमान हैं, परन्तु जिस शिला तल पर साधु अनशन आदि स्वीकार कर चुके हैं अथवा जहाँ किसी महान ऋषि ने शरीर त्यागा है, वह शिला पट या क्षेत्र 'सिद्धशिला' कहा जाता है। उस क्षेत्र में प्रकम्पन/प्रभाव ऐसा होता है कि वहाँ बैठकर साधना करने में शीघ्र सफलता मिल जाती है। उसे यहाँ पर सिद्ध शिला तल समझना चाहिए। (मलधारी वृत्ति १२ तथा चूर्णि, पृ. ९)

Technical Terms—**Shayya**—a body-size bed.

Samstarak—a two and a half yard bed.

Siddha Shila—Here the term *'Siddha Shila'* has not been used in its conventional meaning of *Ishat Pragbhara* earth or the realm of liberated souls located at the edge of inhabited space (*Lokakasha*). Here it means the surface of the rock over which ascetics have taken the ultimate vow or a place where some great ascetic has embraced meditational death. Such places are supposed to have an atmosphere or vibrations conducive to spiritual practices. Such a place should be considered a *Siddha Shila* here. (Maladhari's *Vritti* 12, *Churni, p*. 9)

(२) भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक

१८. से किं तं भवियसरीरदव्वावस्सयं ?

भवियसरीरदव्वावस्सयं–जे जीवे जोणिजम्मणणिक्खंते इमेणं चेव सरीरसमुस्सएणं आदत्तएणं जिणोवदिट्ठेणं भावेणं आवस्सए त्ति पयं सेयकाले सिक्खिस्सइ, न ताव सिक्खइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहा को दिट्ठंतो ?

अयं महुकुंभे भविस्सइ, अयं घयकुंभे भविस्सइ। से तं भवियसरीरदव्वावस्सयं।

१८. (प्रश्न) भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक क्या है ?

(उत्तर)–गर्भकाल की स्थिति पूर्ण होने पर जब जीव बाहर निकलता है तो वह इस पौद्गलिक शरीर से जिन उपदिष्ट भावों के अनुसार भविष्य में आवश्यक पद सीखेगा, किन्तु अभी वर्तमान में नहीं सीख रहा है, तब तक वह जीव भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक कहलाता है।

प्रश्न–(शिष्य पूछता है) इसको समझने के लिए कोई दृष्टान्त है ?

उत्तर–(गुरु कहते हैं) यह मधु कुंभ होगा, घृत कुम्भ होगा।

यह भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक का स्वरूप है।

ये दोनों दृष्टान्त संकल्प मात्र को ग्रहण करने वाले नैगम नय की अपेक्षा से कहे गये हैं।

(2) BHAVYA SHARIR DRAVYA AVASHYAK

18. (Question) What is *bhavya sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the potential knower) ?

(Answer) On maturity a being comes out of the womb or is born and it has the potential to learn the *Avashyak (Sutra),* as preached by the Jina in future, but it is not learning at present. As long as it is not learning, this being is called *bhavya sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the potential knower).

(Question) (asked by a disciple) Is there some analogy to confirm this ?

(Answer) (by the *guru*) Yes, for example (it is conventionally said that) this will be a pot of honey or this will be a pot of butter (although at present it contains neither honey nor butter).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

This concludes the description of *bhavya sharir dravya avashyak* (physical *avashyak* as body of the potential knower).

These two analogies are based on *Naigama naya* (co-ordinated viewpoint) that deals with concepts and plurality.

(३) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक

१९. से किं तं जाणगसरीर भवियसरीरवतिरित्ते दव्वावस्सए ?

जाणगसरीर-भवियसरीरवतिरित्ते दव्वावस्सए तिविहे पण्णत्ते। तं जहा– (१) लोइए (२) कुप्पावयणिए (३) लोउत्तरिए।

१९. (प्रश्न) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) ज्ञायक शरीर-भव्य शरीर व्यतिरिक्त (उन दोनों से भिन्न) द्रव्य आवश्यक तीन प्रकार का है–जैसे–(१) लौकिक, (२) कुप्रावचनिक, और (३) लोकोत्तरिक।

(3) JNAYAK SHARIR-BHAVYA SHARIR VYATIRIKTA DRAVYA AVASHYAK

19. (Question) What is *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya avashyak* (physical *avashyak* other than the body of the knower and the body of the potential knower)?

(Answer) *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya avashyak* (physical *avashyak* other than the body of the knower and the body of the potential knower) is of three kinds—(1) *Laukik,* (2) *Kupravachanik,* and (3) *Lokottarik.*

विवेचन–जो लोक व्यवहार में आवश्यक कृत्य होते हैं, उन्हें लौकिक द्रव्य आवश्यक कहा है। यह समाज में प्रचलित अर्थ की अपेक्षा से है। कुप्रावचनिक का अर्थ है–एकान्तवादी धर्म प्ररूपक और लोकोत्तर का अर्थ है, अनेकान्तवादी श्रेष्ठ धर्म के प्ररूपक। इनका स्वरूप अगले सूत्रों में बताया है–

Elaboration—*Laukik* means mundane and here it includes mundane obligatory duties. *Kupravachanik* means related to

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

pervert teachings and here it includes teachings of absolutistic schools of thought. *Lokottar* means exceptional or spiritual, here it includes teachings of non-absolutism, the best of all religions. These have been described in the following aphorisms—

(१) लौकिक द्रव्य आवश्यक

२०. से किं तं लोइयं दव्वावस्सयं ?

लोइयं दव्वावस्सयं—जे इमे राईसर-तलवर-माडंबिय-कोडुंबिय-इब्भ-सेट्ठि-सेणावइ-सत्थवाहप्पभिइओ कल्लं पाउप्पभायाए रमणीए सुविमलाए फुल्लुप्पल-कमल कोमलुम्मिलियम्मि अहपंडुरे पभाए रत्तासोगप्पगास-किंसुय-सुयमुह-गुंजद्धरागसरिसे कमलागरःनलिणिसंडबोहए उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते मुहधोयण-दंतपक्खालण-तेल्ल-फणिह-सिद्धत्थय-हरियालिय-अद्दाग-धूव-पुप्फ-मल्ल-गंध-तंबोल-वत्थमाइयाइं दव्वावस्सयाइं करेत्ता ततो पच्छा रायकुलं वा देवकुलं वा आरामं वा उज्जाणं वा सभं वा पवं वा गच्छन्ति। से तं लोइयं दव्वावस्सयं।

२०. (प्रश्न) लौकिक द्रव्य आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) लौकिक द्रव्य आवश्यक का स्वरूप इस प्रकार है–जो ये राजेश्वर, तलवर, माडंबिक, कौटुम्बिक, इभ्य, श्रेष्ठी, सेनापति, सार्थवाह आदि हैं, वे रात्रि व्यतीत होने पर, प्रभातकालीन प्रकाश होने पर, रात का अंधकार छँटकर निर्मल हो जाने पर, कमल प्रफुल्लित होने पर, पीली आभा वाले अरुणिम प्रभात के समय लाल अशोक की दीप्ति, पलाश के पत्तों जैसे लाल आभा, तोते के मुख और गुंजा (चिरमी) के अर्ध-भाग जैसे लाल रंग वाले जलाशय में रहे कमलों का उद्‌बोधक सहस्र रश्मि दिनकर सूर्य के उदित होने पर, तेज से देदीप्यमान होने पर अपनी दैनिक आवश्यक क्रियाएँ करने लगते हैं। जैसे–मुँह धोते हैं, दाँत माँजते हैं, तेल मालिश करते हैं, स्नान, कंघी आदि करके केशों को सँवारते हैं। मंगल के लिए सरसों, पुष्प, दूब आदि का प्रक्षेपण करते हैं, दर्पण में मुख देखते हैं, धूप जलाते हैं, पुष्प और पुष्पमालाएँ धारण करते हैं, पान खाते हैं, स्वच्छ वस्त्र पहनते हैं, ये आवश्यक क्रियाएँ सम्पन्न करके राज सभाओं में, देवालयों में, आरामों, उद्यानों में, सभा अथवा प्रपा की ओर जाते हैं, ये सब क्रियाएँ लौकिक द्रव्य आवश्यक हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) LAUKIK DRAVYA AVASHYAK

20. (Question) What is *Laukik dravya avashyak* (mundane physical *avashyak*) ?

(Answer) *Laukik dravya avashyak* (mundane physical *avashyak*) is explained thus—There are people like kings, princes, knights of honour, landlords, village-heads, senior citizens, businessmen, merchants, commanders, caravan chiefs etc. These people commence their daily chores when night ends, light of the dawn spreads, black of the night scatters, lotus blossoms, and when at the time of the crimson hued pale dawn the sun, the lord of the day, rises with its thousands of rays and grows in brilliance stirring the bunch of lotus flowers to blossom in a pond as red as red *Ashoka* flower, *Palash* leaves, beak of a parrot and the red half of the *Chirmi* seed (*Abru precatorious*). These chores include ablution, brushing teeth, oil massage, bathing and combing hair. They also throw around mustard seeds, flowers and grass as an auspicious act, look into the mirror, burn incense, wear garlands and flowers, chew beetle-leaves and wear clean dress. After concluding these essential duties they proceed to royal assemblies, temples, gardens, parks, congregations or water huts. All these activities are called *Laukik dravya avashyak* (mundane physical *avashyak*).

(२) कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक

२१. से किं तं कुप्पावयणियं दव्वावस्सयं ?

कुप्पावयणियं दव्वावस्सयं जे इमे चरग-चीरिग-चम्मखंडिय-भिच्छुंडग-पंडुरंग-गोयम-गोव्वइय-गिहिधम्म-धम्मचिंतग-अविरुद्ध-विरुद्ध-वुड्ढसावगप्पभिइयो पासंडत्था कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए जाव तेयसा जलंते इंदस्स वा खंदस्स वा रुद्दस्स वा सिवस्स वा वेसमणस्स वा देवस्स वा नागस्स वा जक्खस्स वा भूयस्स वा मुगुंदस्स वा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अज्जाए वा कोट्टकिरियाए वा उवलेवणसम्मज्जणाऽवरिसण-धूव-पुप्फ-गंध-मल्लाइयाइं दव्वावस्सयाइं करेंति। से तं कुप्पावयणियं दव्वावस्सयं।

२१. (प्रश्न) कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक क्या है?

(उत्तर) कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक का स्वरूप इस प्रकार है–उषाकाल में पौ फटने पर, रात्रि के निर्मल होने पर, सूर्य तेज से जाज्वल्यमान दीप्त होने पर जो ये चरक, चीरिक, चर्म-खण्डिक, भिक्षोण्डक, पाण्डुरंग, गौतम, गौव्रतिक, गृहीधर्मी, धर्मचिन्तक अविरुद्ध, विरुद्ध, वृद्ध श्रावक आदि पाषण्डी, इन्द्र, स्कन्द, रुद्र, शिव, वैश्रमण, कुबेर अथवा देव, नाग, यक्ष, भूत, मुकुन्द आर्यादेवी, कोट्टक्रियादेवी आदि की उपासना करते हैं। उपलेपन, संमार्जन, सिंचन, धूप, फूल, गन्ध और माला आदि द्वारा पूजा करके द्रव्य आवश्यक क्रियाएँ सम्पन्न करते हैं। यह कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक है।

(2) KUPRAVACHANIK DRAVYA AVASHYAK

21. (Question) What is *Kupravachanik dravya avashyak* (pervert physical *avashyak*)?

(Answer) *Kupravachanik dravya avashyak* (pervert physical *avashyak*) is explained thus—When night ends, darkness of the night is shattered, and the sun spreads its brilliance, heretics like *Charak, Cheerik, Charmakhandik, Bhikshondak, Pandurang, Gautam, Gauvratik, Grihidharmi, Dharmachintak, Aviruddha, Viruddha, Vriddha Shravak,* etc. worship deities like Indra, Skanda, Rudra, Shiva, Vaishraman, Kuber or gods, *naags, yakshas, bhoots,* Mukund, *aryas,* Kottakriyadevi, etc. They perform the *dravy avashyak* activities (physical obligatory duties) by smearing (cowdung or sandalwood paste on the floor), sweeping (with broom or cleaning the floor), sprinkling water, burning incense, offering flowers, perfumes and garlands, etc. These activities are *Kupravachanik dravya avashyak* (pervert physical *avashyak*).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विशेष शब्दों के अर्थ–**चरग (चरक)**–समुदाय रूप में एकत्रित होकर भिक्षा माँगने वाले।

चीरिग (चीरिक)–मार्ग में पड़े वस्त्र खण्डों व चिथड़ों को पहनने वाले।

चम्मखंडिय (चर्मखण्डिक)–चमड़े को वस्त्र रूप में पहनने वाले।

भिच्छुंडग (भिक्षोण्डक)–भिक्षा में प्राप्त अन्न से ही उदर-पूर्ति करने वाले।

पंडुरंग (पाण्डुरांग)–शरीर पर भस्म–राख का लेप करने वाले।

गोयम (गौतम)–बैल को कौड़ियों की मालाओं से विभूषित करके उसकी विस्मयकारक चाल दिखाकर भिक्षावृत्ति करने वाले ।

गोव्वइय (गोव्रतिक)–गोव्रत का पालन करने वाले। ये गायों के मध्य में रहने की इच्छा से गायें जब गाँव से निकलती हैं तब उनके साथ ही निकलते हैं, वे जब बैठती हैं तब बैठते हैं, जब खड़ी होती हैं तब खड़े होते हैं, जब चरती हैं तब कन्द, मूल, फल आदि का भोजन करते हैं और जब जल पीती हैं तब जल पीते हैं।

गिहिधम्म (गृहिधर्मा)–गृहस्थ धर्म ही श्रेयस्कर है, ऐसी जिनकी मान्यता है।

धम्मचिंतग (धर्मचिन्तक)–याज्ञवल्क्य और ऋषि प्रणीत धर्मसंहिता आदि के अनुसार धर्म का चिन्तन और तदनुसार दैनिक आचरण करने वाले।

अविरुद्ध (अविरुद्ध)–देव, नृप, माता-पिता और तिर्यंचादि का बिना किसी भेदभाव के एक-सा विनय करने वाले।

विरुद्ध (विरुद्ध)–पुण्य, पाप, परलोक आदि को नहीं मानने वाले अक्रियावादी।

वुड्ढ सावग (वृद्ध श्रावक)–ब्राह्मण। प्राचीनकाल की अपेक्षा इनमें वृद्धता मानी है क्योंकि भरत चक्रवर्ती ने अपने शासनकाल में देव, धर्म, गुरु का स्वरूप सुनाने के लिए इनकी स्थापना की थी। अथवा वृद्धावस्था में दीक्षा अंगीकार करके तपस्या करने वाले श्रावक।

पासंडत्था (पाषण्डस्थ)–पाषण्ड अर्थात् कुव्रतों का पालन करने वाले।

इंद (इन्द्र)–देवताओं का राजा।

खंद (स्कन्द)–कार्तिकेय–महेश्वर का पुत्र।

रुद्द (रुद्र)–महादेव।

सिव (शिव)–व्यंतरदेव विशेष।

वेसमण (वैश्रमण)–कुबेर, धनरक्षक यक्ष-विशेष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाग (नागकुमार)–भवनपति निकाय का देव-विशेष।

जक्ख (यक्ष) तथा भूय (भूत)–व्यंतर जातीय देव।

मुगुंद (मुकुन्द)–बलदेव।

अज्जा (आर्या)–देवी।

कोट्टकिरिया (कोट्टक्रिया)–महिषासुर का कुट्टन-वध करने वाली देवी।

Technical Terms—**Charag (Charak)**—those who beg for alms in groups.

Cheerig (Cheerik)—those who wear discarded rags or tattered clothes.

Chammakhandiya (Charmakhandik)—those who wear leather.

Bhichchhunda (Bhikshondak)—those who live exclusively on begged grains.

Pandurang (Pandurang)—those who smear ash on their body.

Goyam (Gautam)—mendicants who decorate a bull with garlands of *kaudi* (small shells) and seek alms by displaying its strange playful gait.

Govvaiya (Gauvratik)—those who take a vow of following the routine of a cow. When a herd of cows moves out of a village for grazing, such mendicants accompany the herd. When cows sit they also sit, when cows stand they too stand, when cows graze they also eat fruits or vegetables, and when cows drink water they also drink water.

Gihidhamma (Grihidharma)—those who believe that the householders way is the best.

Dhammachintag (Dharmachintak)—those who think and act according to the *Dharmasamhita* written by Yajnavalkya and other sages.

Aviruddha (Aviruddha)—those who are modest and courteous in behaviour towards god, king, parents and even animals without any discrimination.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Viruddha (Viruddha)—those who do not believe in merit, demerit, next world, (etc.) like the *Akriyavadis.*

Vuddha Savag (Vriddha Shravak)—Brahmans. They are taken to be seniors or ancients because their clan is believed to have been established by Bharat Chakravarti for teaching about gods, religion and *guru.* Also the *shravaks* who get initiated in old age and indulge in austerities.

Pasandattha (Pashandasth)—heretics who observe perverse vows.

Inda (Indra)—king of gods.

Khanda (Skanda)—the popular deity Kartikeya, the son of Maheshvara.

Rudda (Rudra)—Mahadeva.

Siva (Shiva)—a specific *vyantara deva* (interstitial gods).

Vesaman (Vaishraman)—Kuber or god of wealth.

Naag (Naagkumar)—specific god of *Bhavanpati nikaya* (the realm of gods living in mansions).

Jakkha (Yaksha) and Bhooya (Bhoots)—*vyantara devas* (interstitial gods).

Mugund (Mukund)—Baladeva (elder brother of Vasudev).

Ajja (Aryaa)—goddess.

Kottakiriya (Kottakriya)—the goddess who killed the buffalo demon.

(३) लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक

२२. से किं लोगोत्तरियं दव्वावस्सयं ?

लोगोत्तरियं दव्वावस्सयं जे इमे समण-गुणमुक्कजोगी छक्कायनिरणुकंपा हया इव उद्दामा, गया इव निरंकुसा, घट्टा मट्टा तुप्पोट्टा पंडरपाउरणा जिणाणं अणाणाए सच्छंदं विहरिऊणं उभओकालं आवस्सगस्स उवट्ठंति। से तं लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं। से तं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाणगसरीर-भवियसरीरवइरित्तं दव्वावस्सयं। से तं नोआगमतो दव्वावस्सयं। से तं दव्वावस्सयं।

२२. (प्रश्न) लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक का स्वरूप इस प्रकार है–जो (साधु) श्रमण के मूल और उत्तर गुणों से रहित हों, छह काय के जीवों के प्रति अनुकम्पा न होने के कारण अश्व की तरह उद्दाम (जल्दी-जल्दी चलने वाले) हों, हस्तिवत् निरंकुश हों, स्निग्ध पदार्थों के लेप से अंग-प्रत्यंगों को कोमल, सलौना बनाते हों, जल आदि से बार-बार शरीर को धोते हों, अथवा तेलादि से केशों का संस्कार करते हों, ओठों को मुलायम रखने के लिए मक्खन लगाते हों, पहनने-ओढ़ने के वस्त्रों को धोते हों और जिनेन्द्र भगवान की आज्ञा की उपेक्षा कर स्वच्छंद विहार करते हों, फिर भी प्रातः-सायंकाल दोनों काल आवश्यक करने के लिए उपस्थित हों तो उनकी वह क्रिया लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक है।

इस प्रकार यह ज्ञायक शरीर-भव्यशरीर तथातद् व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक का स्वरूप है। यह नो-आगमतः द्रव्य आवश्यक का निरूपण हुआ।

(3) LOKOTTARIK DRAVYA AVASHYAK

22. (Question) What is *Lokottarik dravya avashyak* (spiritual physical *avashyak*) ?

(Answer) *Lokottarik dravya avashyak* (spiritual physical *avashyak*) is explained thus—There are ascetics who are devoid of the basic and auxiliary attributes of a *shraman* (Jain ascetic), in absence of any compassion for six life-forms who gallop (like a horse), who are unrestrained like an elephant, who make every part of body delicate and smooth by rubbing oily preparations, who often wash their body with water, who rub oil to their hair, who apply butter to lips to keep them soft, who wash their dress and other clothes, and who wander around freely ignoring the teachings of the Jina. (While having such wayward ways—) when they still proceed to indulge in obligatory duties

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(*avashyak*) every morning and evening, their this act is known as *Lokottarik dravya avashyak* (spiritual physical *avashyak*).

This concludes the description of *Jnayak sharir-bhavya sharir vyatirikta dravya avashyak* (physical *avashyak* other than the body of the knower and the body of the potential knower). This (also) concludes the description of *no-agamatah dravya-avashyak* (physical *avashyak* without scriptural knowledge).

विवेचन–यहाँ आवश्यक के साथ लोकोत्तरिक और द्रव्य ये दो विशेषण जोड़े हैं। इसका अभिप्राय है–आवश्यक एक आध्यात्मिक विधि-विधान है, इसलिए वह लोकोत्तरिक है, परन्तु यदि आवश्यक का पाठ बोलने वाला श्रमण गुणों से हीन है तो उसका वह लोकोत्तर कृत्य भी द्रव्य है, वह आवश्यक के फल से शून्य है।

जो आवश्यक करने का नाटक करता रहता है और बार-बार दोष-सेवन भी करता जाता है, उसका आवश्यक भी द्रव्य आवश्यक है। इस विषय पर एक दृष्टान्त दिया गया है–

वसन्तपुर नामक नगर था। वहाँ एक समय अगीतार्थ (अल्पज्ञानी) एवं असंविग्न (वैराग्य वृत्तिरहित) साधुओं का संघ आया। उसमें साधु-गुणों से रहित एक साधु था जो ऊपर-ऊपर से वैराग्य दिखाने वाला था। वह प्रतिदिन पुरःकर्म आदि दोषों से युक्त अनेषणीय आहार ले आता था, किन्तु प्रतिक्रमण (आवश्यक) करते समय बड़े ही वैराग्य भाव से अपने दोषों की आलोचना करता था। गच्छाचार्य स्वयं अगीतार्थ थे, इसलिए उसे प्रायश्चित्त देते हुए समस्त साधुओं को लक्ष्य करके कहते थे–"देखो ! यह साधु कितना भला है कि अपने एक भी दोष को नहीं छिपाता, अपितु सरल भाव से सबकी आलोचना करता है। दोषों का सेवन हो जाना सहज है, किन्तु इस प्रकार से उनकी आलोचना करना बड़ा कठिन काम है। यह साधु किसी प्रकार के मायाचार के बिना अपने दोषों की आलोचना करके शुद्ध हो जाता है।"

आचार्य के द्वारा इस प्रकार की गई उसकी प्रशंसा सुनकर संघ के अन्य अगीतार्थ श्रमण भी उसकी प्रशंसा करने लग जाते। सोचते कि गुरु के सामने इस प्रकार आलोचना करने मात्र से अगर दोषों की शुद्धि हो जाती है, तो बार-बार दोषों के सेवन करने में कोई हर्ज नहीं है।

कुछ समय के बाद एक बार एक संविग्न (क्रियापात्र) गीतार्थ साधु विहार करता हुआ आया और उस संघ के साथ रहने लगा। उसने जब प्रतिदिन इस प्रकार की हरकतें देखीं तो उससे नहीं रहा गया। एक दिन उसने आचार्य से कहा–"भंते ! इस प्रकार से इस शठ साधु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की प्रशंसा करना अग्निभक्त की प्रशंसा करने वाले राजा की तरह हानिकारक है।" उदाहरण देते हुए उसने कहा–

जैसे गिरि नगर में एक अग्निभक्त व्यापारी रहता था। वह प्रतिवर्ष पद्मरागरत्नों से घर भर देता था और एक दिन उसमें आग लगा देता था। उसके अविवेकपूर्ण कार्य की वहाँ के राजा और प्रजाजन प्रशंसा करने लगे–"धन्य है इस व्यापारी को, जो प्रतिवर्ष अत्यन्त उदारता और भक्तिवश पद्मरागमणियाँ जलाकर अग्निदेव को प्रसन्न करता है।"

एक दिन की बात है, उस व्यापारी ने घर में भरी हुई पद्मरागमणियों को आग लगाई। उसी समय प्रबल आँधी चल रही थी, उसके कारण आग की लपटें दूर-दूर तक इतनी अधिक फैल गईं कि उनको सँभालना मुश्किल हो गया। देखते ही देखते उस आग ने राजमहल सहित सारे नगर को भस्म कर दिया। राजा ने जब इस परिस्थिति पर विचार किया तो उसे अपनी अज्ञानता पर बड़ा पश्चात्ताप हुआ। अन्त में राजा ने उस व्यापारी को दण्डित करके नगर से निकाल दिया। जैसे उस राजा ने उस व्यापारी की झूठी प्रशंसा करके अपना और नगर का विनाश कर लिया, वैसे ही आप भी अविधिपूर्वक प्रवृत्त हुए इस साधु की जो प्रशंसा करते हैं, वह आपके और समस्त गच्छ के लिए विनाशकारी सिद्ध होगी।"

यदि आप इस संघ में से किसी एक साधु को भी दण्ड दे देंगे तो फिर आप अपराधी को दण्ड देने वाले उस राजा की तरह समस्त नगरजन सहित निरापद होकर निश्चिंतता का अनुभव करेंगे।

जैसे, एक राजा था, उसके राज्य में उस अग्निभक्त व्यापारी की तरह एक व्यापारी रहता था। वह भी पद्मरागमणियों को घर में भरकर प्रतिवर्ष उनमें आग लगा देता था। इस तरह अग्नि को संतुष्ट करने की उसकी प्रवृत्ति का राजा को पता लगा। राजा ने उसे अपने पास बुलाकर कहा–"देखो ! यदि पद्मरागमणियाँ जलाकर अग्नि को सन्तुष्ट करना तुम्हारे लिए आवश्यक है, तो तुम यह कार्य नगर में रहकर क्यों करते हो ? जंगल में जाकर क्यों नहीं करते ? क्योंकि तुम्हारी इस प्रवृत्ति से कभी न कभी सारे नगर के नष्ट होने की सम्भावना है। अतः तुम इस दुष्प्रवृत्ति का त्याग कर दो, अन्यथा नगर से बाहर निकल जाओ।"

इस प्रकार डाँट-डपटकर उस राजा ने उक्त व्यापारी को दण्डित करके नगर से बाहर निकाल दिया।

इसी तरह आप भी अपने और संघ के कल्याण के लिए ऐसा ही कीजिए। इस प्रकार उस संविग्न एवं गीतार्थ साधु ने उक्त गच्छाचार्य को बहुत समझाया। परन्तु इतना समझाने पर भी जब वे नहीं माने, तब आगन्तुक संविग्न गीतार्थ साधु ने उस गच्छ के साधुओं से इस प्रकार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहा–"देखो ! यह गच्छाधिपति आचार्य असंविग्न (वैराग्यरहित) एवं अगीतीर्थ है, इनके साथ रहने से आपको बड़ा भारी खतरा पैदा हो सकता है। इनसे अलग हुए बिना आप लोग उस बड़े भारी अनर्थ से बच नहीं सकेंगे।"

इसी प्रकार जो आवश्यक है, वह तो लोकोत्तर है, किन्तु उस आवश्यक प्रक्रिया का जो आचरण है, वह दोष सेवन करते जाने और आलोचना का दिखावा करते जाने वाले उक्त साधु की तरह निष्प्राण, भावशून्य और थोथा है, इसलिए उसे लोकोत्तरिक द्रव्य आवश्यक कहा गया है।

(मलधारी हेमचन्द्र वृत्ति, पृ. ७१ मुनि जम्बू विजय जी)

Elaboration—Here two adjectives, *lokottarik* (spiritual) and *dravya* (physical) have been added to *avashyak* (obligatory duties). The intended meaning is—as *avashyak* is a spiritual code it is supernatural or exceptional but because the ascetic reciting this code is devoid of the virtues of a *shraman,* this spiritual act by him is a mere formality or just physical (*dravya*) and is devoid of any fruits of *avashyak.*

There are persons who act as if they are sincere in observing the obligatory duties but continue to commit transgressions. The *avashyak* (obligatory duties) performed by such a person is also called *dravya avashyak* (physical *avashyak*). This has been explained with an example—

There was a city named Vasantpur. Once a group of ascetics came there. These ascetics were neither scholarly nor completely detached. There was an ascetic in this group who formally pretended to be detached but was in fact devoid of ascetic virtues. Each day he brought unacceptable and faulty food but at the time of *pratikraman* (critical review; one of the six obligatory duties) he would pose as if he is very sincerely criticizing his faults and wants to atone for them. The *acharya* (head of the group) was also ill-educated. While prescribing atonement for this ascetic the *acharya* commended him before all his disciples—"See ! How sincere is this ascetic. Instead of concealing his faults he criticizes each fault sincerely. To commit a fault is a normal human weakness but such sincere self-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

criticism is very difficult. By criticizing his faults without deception this ascetic progresses towards inner purity."

This praise by the *acharya* inspired other ascetics of the group to praise that ascetic. They thought that if such criticism of faults is all that is required for inner purification there is nothing wrong in committing faults frequently.

Once a true and steadfast ascetic came wandering and joined this group. When he saw such superficial atonement as a regular feature within that group, he could not contain himself. One day he approached the *acharya*—"Sir ! Praising a crafty ascetic you are acting like the king who praised the fire-worshipper." And he narreted the story—

In the town of Giri lived a merchant who worshipped fire. Every year he would collect yellow-sapphire gems in his house and would set the house to fire one day. The king and the townsfolk started praising this irrational act—"This merchant is great. Every year he pleases the fire-god by generously and devotedly offering heaps of gems."

As it turned out, one day when the merchant set fire to his house strong wind was blowing and the fire spread rapidly. It became impossible to contain it and soon the conflagration consumed the whole town including the palace. When the king thought over the tragedy he cursed himself for his own foolishness. He finally punished and exiled the merchant. As that king caused the destruction of his kingdom by falsely praising the merchant, likewise your praise for this fraudulent ascetic will prove to be detrimental for you and your sect.

However if you punish even a single ascetic for his lax behaviour you will feel relieved like the king and his subjects who dealt punishment to the offender. Illustrating his version, he said—

There was a king in whose city also lived a merchant like the fire-worshipper in the said town. He also collected sapphire gems and set them to fire every year. The king got the news of his obsession with such fire-worship. He summoned the merchant

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

and said—"If you feel that to worship fire-god by offering sapphire gems to fire is your essential duty, why do it in the town ? Why don't you go to some remote place in the jungle and perform it ? Your indulgence may some day destroy the whole town. Therefore, either you abstain from indulging in this act or leave the town."

Reprimanding thus the king punished the merchant and exiled him. You should also take such steps for the good of your sect.

The sincere and upright ascetic thus tried to convince the *acharya*. But when he did not heed to him in spite of all this, the visiting ascetic said to his disciples—"See, this head of your sect is ignorant and driven by mundane attachments. Living with him will lead you to difficult predicament. Unless you abandon him you will not be able to avoid your downfall."

Thus what is essential and obligatory duty (*avashyak*) for ascetics is perfect and spiritual. But by committing faults in observation and pretending self-criticism for such faults turns it into a hollow and non-spiritual ritual. That is why it is classified as *lokottarik dravya-avashyak* (spiritual physical *avashyak*).

(४) भाव आवश्यक

२३. से किं तं भावावस्सयं ?

भावावस्सयं दुविहं पण्णत्तं। तं जहा–(१) आगमओ य (२) णोआगमओ य।

२३. (प्रश्न) वह भाव आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) भाव आवश्यक दो प्रकार का है–(१) आगमतः भाव आवश्यक, और (२) नो-आगमतः भाव आवश्यक।

(4) *BHAAVA AVASHYAK*

23. (Question) What is *Bhaava avashyak* (*avashyak* as essence or perfect *avashyak*) ?

(Answer) *Bhaava avashyak* (perfect *avashyak*) is of two types—(1) *Agamatah bhaava avashyak* (perfect *avashyak* in

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

context of *Agam* or in context of knowledge), and (2) *No-Agamatah bhaava avashyak* (perfect *avashyak* not in context of *Agam* or only in context of action).

(१) आगमतः भाव आवश्यक

२४. से किं तं आगमओ भावावस्सयं ?

आगमओ भावावस्सयं जाणए उवउत्ते। से तं आगमओ भावावस्सयं।

२४. (प्रश्न) आगमतः भाव आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) जो आवश्यक पद का ज्ञाता हो और साथ ही उपयोगयुक्त हो, वह आगमतः भाव आवश्यक कहलाता है।

(1) *AGAMATAH BHAAVA AVASHYAK*

24. (Question) What is *Agamatah bhaava avashyak* (perfect *avashyak* with scriptural knowledge) ?

(Answer) One who knows the *Avashyak (Sutra)* and is sincerely involved with it is called *Agamatah bhaava avashyak* (perfect *avashyak* with scriptural knowledge).

(२) नो-आगमतः भाव आवश्यक

२५. से किं तं नोआगमओ भावावस्सयं ?

नोआगमओ भावावस्सयं तिविहं पण्णत्तं। तं जहा-(१) लोइयं (२) कुप्पावयणियं, (३) लोगुत्तरियं।

२५. (प्रश्न) नो-आगमतः भाव आवश्यक किसे कहते हैं ?

(उत्तर) नो-आगमतः भाव आवश्यक तीन प्रकार का है। जैसे-(१) लौकिक, (२) कुप्रावचनिक, और (३) लोकोत्तरिक।

(2) NO-AGAMATAH BHAAVA AVASHYAK

25. (Question) What is *no-agamatah bhaava avashyak* (perfect *avashyak* without scriptural knowledge) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(**Answer**) *No-agamatah-bhaava-avashyak* (perfect-*avashyak* without scriptural knowledge) is of three types—(1) *Laukik,* (2) *Kupravachanik,* and (3) *Lokottarik.*

(१) लौकिक भाव आवश्यक

२६. से किं तं लोइयं भावावस्सयं ?

लोइयं भावावस्सयं पुव्वण्हे भारहं, अवरण्हे रामायणं। से तं लोइयं भावावस्सयं।

२६. **(प्रश्न)** लौकिक भाव आवश्यक किसे कहते हैं ?

(उत्तर) दिन के पूर्वार्ध में महाभारत का और उत्तरार्ध में रामायण का वाचन या श्रवण करने को लौकिक नो-आगमतः भाव आवश्यक कहते हैं।

(1) **LAUKIK BHAAVA AVASHYAK**

26. (Question) What is *Laukik bhaava avashyak* (mundane perfect *avashyak*) ?

(Answer) To listen to the recital of *Mahabharat* during first half of the day and that of *Ramayan* during the second half of the day is called *laukik no-agamatah bhaava avashyak* (mundane perfect *avashyak* without scriptural knowledge).

विवेचन—इस सूत्र में महाभारत और रामायण जैसे ग्रन्थों का पठन-श्रवण लौकिक नो-आगमतः भाव आवश्यक कहने का अभिप्राय यह है लोक मान्यता के अनुसार महाभारत दिन के प्रथम दो प्रहर में और रामायण दोपहर के बाद आवश्यक अनुष्ठान के रूप में पढ़ा जाता है। ये लौकिक आगम है अर्थात् लोक में प्रचलित ज्ञान के साधन हैं और इनके पढ़ने-सुनने में वक्ता-श्रोता उपयोग रूप दत्तचित्त रहते हैं तब लौकिक भाव आवश्यक हो जाता है। किन्तु नो-आगमतः कहने का अभिप्राय यह है कि जन-साधारण की दृष्टि में तो ये आगम हैं, परन्तु पुस्तक के पन्ने पलटना, श्रोता द्वारा हाथ जोड़ना ये सब क्रियाएँ साथ में जुड़ी रहने से एक अपेक्षा से ये नो-आगमतः भी हैं। क्योंकि क्रिया आगम नहीं है, केवलज्ञान की प्रवृत्ति ही आगम है। यहाँ 'नो' शब्द सर्व निषेधवाचक हैं, किन्तु केवल क्रिया का निषेध सूचन करने की दृष्टि से नो-आगमतः कहा है।

Elaboration—The reason for stating reading and reciting of *Ramayan* and *Mahabharat* as mundane perfect *avashyak* without scriptural knowledge is that according to the popular belief

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Mahabharat was recited during the first quarter of the day and *Ramayan* after the second quarter of the day as an obligatory ritual. These are widely popular sources of knowledge and are therefore called mundane scriptures. When a reader or listener is sincerely involved in them they are said to be mundane perfect *avashyak*. Although in popular belief they are *Agam* (scriptures), reading and reciting them has been called 'without scriptural knowledge' (*no-agamtah*) because turning of pages, joining palms in devotion, and other such ritual activities are also essentially part of the procedure. The true definition of *Agam* is sincere involvement with knowledge and not just ritual actions. Although the prefix '*no*' means complete negation, here the negation is with respect to the rituals only.

(२) कुप्रावचनिक भाव आवश्यक

२७. से किं तं कुप्पावयणियं भावावस्सयं ?

कुप्पावयणियं भावावस्सयं जे इमे चरग-चीरिय जाव पासंडत्था इज्जंजलि-होम-जप्प-उंदुरुक्क-नमोक्कारमाइयाइं भावावस्सयाइं करेंति। से तं कुप्पावयणियं भावावस्सयं।

२७. (प्रश्न) कुप्रावचनिक भाव आवश्यक क्या है ?

(उत्तर) जो ये चरक, चीरिक यावत् पाषण्डस्थ–इज्या–यज्ञ, अंजलि, होम–हवन, जाप, उन्दुरुक्क–धूपप्रक्षेप या बैल जैसी ध्वनि, वंदना आदि भाव आवश्यक करते हैं, वह कुप्रावचनिक भाव आवश्यक है।

(2) KUPRAVACHANIK BHAAVA AVASHYAK

27. (Question) What is *Kupravachanik bhaava avashyak* (pervert perfect *avashyak*) ?

(Answer) The rituals like *yajna* (the Vedic rite of offerings to deities), *anjali* (offerings or salutations with hollowed hands), *hoam* (offerings in fire), *jap* (reciting *mantras*), *undurukka* (burning incense or producing sound like an ox), and *namokkaramaiyai* (offering salutations or homage) performed as perfect *avashyak* by heretics like *Charak*,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Chirak, (upto-) *Pashandasth* (as in aphorism 21) are called *kupravachanik bhaava avashyak* (pervert perfect *avashyak*).

विवेचन–सूत्र में कुप्रावचनिक भाव आवश्यक का स्वरूप बतलाया है। मिथ्या शास्त्रों को मानने वाले चरक, चीरिक आदि पाषंडी यथावसर जो भाव सहित उपयोगपूर्वक यज्ञ आदि क्रियायें करते हैं, वह कुप्रावचनिक भाव आवश्यक है।

मिथ्या शास्त्रों को मानने पर भी चरक आदि द्वारा निश्चित रूप से किये जाने से यज्ञ आदि आवश्यक रूप हैं तथा इनके करने वालों की इन क्रियाओं में उपयोग एवं श्रद्धा होने से भावरूपता भी है। किन्तु इनका आधार मिथ्या शास्त्र होने से इन क्रियाओं को कुप्रावचनिक भाव आवश्यक कहा है।

Elaboration—This aphorism explains the meaning of *kupravachanik bhaava avashyak* (pervert perfect *avashyak*). The rituals like *yajna* performed with sincere involvement from time to time by heretics like *Charak* who believe in heretical scriptures are called pervert perfect *avashyak*.

In spite of their belief in pervert scriptures the *yajna* like rituals are accepted as obligatory duties by the heretics and they also have sincere involvement in them, thus they indeed are perfect *avashyak*. But because their basis is pervert scriptures they are called pervert perfect *avashyak*.

(३) लोकोत्तरिक भाव आवश्यक

२८. से किं तं लोगोत्तरियं भावावस्सयं ?

लोगोत्तरियं भावावस्सय–जण्णं इमं समणे वा समणी वा सावए वा साविया वा तच्चित्ते तम्मणे तल्लेसे तदज्झवसिए तत्तिव्वज्झवसाणे तदट्ठोवउत्ते तदप्पियकरणे तब्भावणाभाविए अण्णत्थ कत्थइ मणं अकरेमाणे उभओकालं आवस्सयं करेंति, से तं लोगोत्तरियं भावावस्सयं। से तं नोआगमतो भावावस्सयं। से तं भावावस्सयं।

२८. (प्रश्न) लोकोत्तरिक भाव आवश्यक क्या है?

(उत्तर) जो ये श्रमण, श्रमणी, श्रावक, श्राविकायें दत्तचित्त होकर मन की एकाग्रता के साथ, शुभ लेश्या एवं अध्यवसाय से युक्त, यथाविधि क्रिया को करने के लिए उद्यत अध्यवसायों से सम्पन्न होकर, तीव्र आत्मोत्साहपूर्वक आवश्यक के अर्थ में उपयोगयुक्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होकर एवं तदर्पित करणों–शरीरादि को उसमें नियोजित कर, उसकी भावना से भावित होकर, अन्यत्र कहीं भी मन को डोलायमान किये बिना उभयकाल (प्रातः-संध्या समय) आवश्यक प्रतिक्रमणादि करते हैं, वह लोकोत्तरिक भाव आवश्यक है।

(3) LOKOTTARIK BHAAVA AVASHYAK

28. (Question) What is *Lokottarik bhaava avashyak* (spiritual perfect *avashyak*)?

(Answer) There are *shramans* (male ascetics), *shramanis* (female ascetics), *shravaks* (Jain laymen) and *shravikas* (Jain lay-women) who perform the *avashyak* (obligatory duties) including *pratikraman* (critical review of thoughts and deeds of the past) every morning and evening with full attention and concentration, pious attitude (*leshya* being the colour-code indicator of purity of soul) and perseverance, with assiduous intent to follow proper procedure, with intense enthusiasm, with sincere involvement in the meaning of *avashyak,* employing all the required equipment including the body, inspired by its essence and without diverting their mind anywhere else. This is called *Lokottarik bhaava avashyak* (spiritual perfect *avashyak*).

आवश्यक के पर्यायवाची नाम

२९. तस्स णं इमे एगट्ठिया णाणाघोसा णाणावंजणा णामधेज्जा भवंति। तं जहा–

(१) आवस्सयं (२) अवस्सकरणिज्जं (३) धुवणिग्गहो (४) विसोही य।

(५) अज्झयणछक्कवग्गो (६) नाओ (७) आराहणा (८) मग्गो॥२॥

अंतो अहो निसिस्स उ तम्हा आवस्सयं नाम॥३॥

से तं आवस्सयं।

(२९) उस आवश्यक के नाना घोष और अनेक व्यंजन वाले एकार्थक अनेक नाम इस प्रकार हैं–

(१) आवश्यक, (२) अवश्यकरणीय, (३) ध्रुव निग्रह, (४) विशोधि, (५) अध्ययन-षट्कवर्ग, (६) न्याय, (७) आराधना, और (८) मार्ग।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रमणों और श्रावकों द्वारा दिन एवं रात्रि के अन्त में अवश्य करने योग्य होने के कारण इसका नाम आवश्यक है।

यह आवश्यक का स्वरूप है।

SYNONYMS OF AVASHYAK

29. Some synonyms, having a variety of vowels and consonants, of this *avashyak* are as follows—

(1) *Avashyak,* (2) *Avashyakaraniya,* (3) *Dhruva nigraha,* (4) *Vishodhi,* (5) *Adhyayan-shatkavarg,* (6) *Nyaya,* (7) *Aradhana,* and (8) *Marg.*

As it is to be essentially (*avashyak*) performed by *shramans* and *shravaks* both at the end of the day and at the end of the night it is named *avashyak* or obligatory duty.

This concludes the description of *avashyak.*

विवेचन–यहाँ आवश्यक के पर्यायवाची नाम बतलाये हैं। जो पृथक् पृथक् उदात्तादि स्वर वाले और अनेक प्रकार के ककारादि व्यंजन वाले होने से किंचित् अर्थभेद रखते हुए भी एकार्थ-समानार्थवाचक हैं–

(१) **आवश्यक**–अवश्य करने योग्य कार्य को आवश्यक कहते हैं। सामायिक आदि की साधना साधु आदि के द्वारा अवश्य–निश्चित रूप से किये जाने योग्य होने से आवश्यक है।

(२) **अवश्यकरणीय**–मुमुक्षु साधकों द्वारा नियमतः अवश्य करने योग्य होने के कारण अवश्यकरणीय है।

(३) **ध्रुव निग्रह**–चूर्णि के अनुसार 'ध्रुव' शब्द का अर्थ है, आठ प्रकार के–कर्म, कषाय तथा इन्द्रिय। आवश्यक द्वारा इनका निग्रह होता है। अथवा अनादि होने के कारण कर्मों को तथा कर्मों के फल जन्म-जरा-मरणादि रूप संसार को ध्रुव कहते हैं और आवश्यक उस कर्मफलरूप संसार का निग्रह करने वाला होने के कारण 'ध्रुव निग्रह' है।

(४) **विशोधि**–कर्म से मलिन आत्मा की विशुद्धि का हेतु होने से आवश्यक विशोधि कहलाता है।

(५) **अध्ययनषट्कवर्ग**–आवश्यकसूत्र में सामायिक, चतुर्विंशति स्तव, वन्दन, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान ये छह अध्ययन होने से यह अध्ययनषट्कवर्ग है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(६) न्याय–अभीष्ट अर्थ की सिद्धि का सम्यक् उपाय होने से न्याय है।

(७) आराधना–आराध्य–मोक्ष-प्राप्ति का हेतु होने से आराधना करने योग्य है।

(८) मार्ग–मार्ग का अर्थ है उपाय। मोक्ष का प्रापक–उपाय होने से मार्ग है।

Elaboration—Here some synonyms of *avashyak* have been mentioned. Although they are composed of a variety of vowels and consonants and have slight variation in meaning also but generally speaking they are synonyms—

(1) Avashyak—An essential duty or an act to be performed compulsorily is called *avashyak*. As it is obligatory for an ascetic to perform *samayik* and other such practices they are included in *avashyak*.

(2) Avashyakaraniya—As it is to be performed by ascetics as a rule it is called *avashyakaraniya*.

(3) Dhruva nigraha—*Dhruva* is eternal or permanent and *nigraha* is to discipline or to restrain. According to the commentator (*Churni*) the eight types of *karmas,* passions and sense organs are eternal (*dhruva*) and the disciplining (*nigraha*) of these is *avashyak*. Also the *karmas* and their fruits in the form of birth, decay and death are without a beginning or an end, therefore eternal (*dhruva*), that which restrains (*nigraha*) these fruits of *karma* is *avashyak*. Thus *avashyak* means *dhruva nigraha*.

(4) Vishodhi—That which purifies is called *vishodhi*. As *avashyak* is instrumental in cleansing the tarnished soul it is *vishodhi*.

(१४) वाणव्यंतर नाम को अविशेषित मानने पर पिशाच, भूत, यक्ष, राक्षस, किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गंधर्व, ये नाम विशेषित नाम हैं।

इन सबमें से भी प्रत्येक को अविशेषित नाम माना जाये तो उनके पर्याप्त अपर्याप्त भेद विशेषित नाम कहलायेंगे।

(14) When *Vanavyantar* (interstitial god) is taken to be a general name, the specific names are—*Pishach, Bhoot, Yaksh, Rakshas, Kinnar, Kimpurush, Mahorag,* and *Gandharva*.

When each one of these is taken to be a general name, the specific names would be their fully developed and under-developed forms.

(१५) अविसेसिए जोइसिए, विसेसिए चंदे सूरे गहे नक्खत्ते ताराख्वे

एतेसिं पि अविसेसिय–विसेसिय–पज्जत्तय–अपज्जत्तयभेया भाणियव्वा।

(१५) ज्योतिष्क नाम विशेषित माना जाये तो चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और तारारूप नाम विशेषित हैं।

इनमें से भी प्रत्येक को अविशेषित नाम मानने पर उनके पर्याप्त, अपर्याप्त भेद विशेषित नाम कहे जायेंगे।

(15) When *Jyotishk* (stellar god) is taken to be a general name, the specific names are—*Chandra* (moon), *Surya* (sun), *Graha* (planet), *Nakshatra* (heavenly body), and *Tara* (star).

When each one of these is taken to be a general name, the specific names would be their fully developed and under-developed forms.

(१६) अविसेसिए वेमाणिए, विसेसिए कप्पोवगे य कप्पातीतए य। अविसेसिए कप्पोवए, विसेसए सोहम्मए ईसाणए सणंकुमारए माहिंदए बंभलोगए लंतयए महासुक्कए सहस्सारए आणयए पाणयए आरणए अच्चुतए।

एतेसिं पि अविसेसिय–विसेसिय–पज्जत्तय–अपज्जत्तयभेदा भाणियव्वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१६) वैमानिक अविशेषित नाम माना जाये तो उसके कल्पोपपन्न और कल्पातीत यह दो प्रकार विशेषित नाम है।

कल्पोपपन्न को अविशेषित नाम मानने पर सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार, माहेन्द्र, ब्रह्मलोक, लांतक, महाशुक्र, सहस्रार, आनत, प्राणत, आरण, अच्युत विमानवासी देव विशेषित नाम हैं।

यदि इनमें से प्रत्येक को अविशेषित नाम माना जाये तो उनके पर्याप्त, अपर्याप्त भेद विशेषित नाम हैं।

(16) When *Vaimanik* (god endowed with celestial vehicles) is taken to be a general name, the specific names are—*Kalpopapanna* (born in *Kalp*-heaven or a specific celestial area) and *Kalpateet* (born outside the Kalp-heaven).

When *Kalpopapanna* (born in *Kalp*-heaven or a specific celestial area) is taken to be a general name, the specific names are—(Gods residing in celestial vehicles named) *Saudharma, Ishan, Sanatkumar, Mahendra, Brahmalok, Lantak, Mahashukra, Sahasrar, Anat, Pranat, Aran, and Achuyt.*

When each one of these is taken to be a general name, the specific names would be their fully developed and under-developed forms.

(१७) अविसेसिए कप्पातीतए, विसेसिए गेवेज्जए य अणुत्तरोववाइए य।

अविसेसिए गेवेज्जए, विसेसिए हेट्ठिमगेवेज्जए मज्झिमगेवेज्जए उवरिमगेवेज्जए।

अविसेसिए हेट्ठिमगेवेज्जए, विसेसिए हेट्ठिमहेट्ठिमगेवेज्जए हेट्ठिम–मज्झिमगेवेज्जए हेट्ठिम–उवरिमगेवेज्जए।

अविसेसिए मज्झिमगेवेज्जए, विसेसिए मज्झिमहेट्ठिमगेज्जए मज्झिममज्झिमगेवेज्जए मज्झिमउवरिमगेवेज्जए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अविसेसिए उवरिमगेवेज्जए, विसेसिए उवरिमहेट्ठिमगेवेज्जए उवरिममज्झिमगेवज्जए उवरिमउवरिमगेवेज्जए।

एतेसिं पि सव्वेसिं अविसेसिय–विसेसिय–पज्जत्तय–अपज्जत्तयभेदा भाणियव्वा।

(१७) कल्पातीत का अविशेषित नाम मानें तो ग्रैवेयकवासी और अनुत्तरौपपताकि देव विशेषित नाम होंगे।

ग्रैवेयकवासी अविशेषित नाम मानने पर अधस्तनग्रैवेयक, मध्यमग्रैवेयक, उपरितनग्रैवेयक ये विशेषित नाम होंगे।

जब अधस्तनग्रैवेयक को अविशेषित नाम माना जायेगा तब अधस्तन–अधस्तन ग्रैवेयक, अधस्तन–मध्यम ग्रैवेयक, अधस्तन–उपरितन ग्रैवेयक विशेषित नाम कहलायेंगे।

मध्यमग्रैवेयक को अविशेषित मानने पर मध्यम–अधस्तन ग्रैवेयक, मध्यम–मध्यम ग्रैवेयक, मध्यम–उपरिम ग्रैवेयक विशेषित नाम होंगे।

यदि उपरिम ग्रैवेयक को अविशेषित नाम माना जाये तो उपरिम–अधस्तन ग्रैवेयक, उपरिम मध्यम ग्रैवेयक, उपरिम–उपरिम ग्रैवेयक ये विशेषित नाम कहलायेंगे।

इन सबको भी अविशेषित नाम माना जाये तो उनके पर्याप्त और अपर्याप्त ये विशेषित नाम कहलायेंगे।

(17) When *Kalpateet* (born outside the *Kalp*-heaven) is taken to be a general name, the specific names are—*Graiveyak-vasi* (dwelling in a celestial area named *Graiveyak*) and *Anuttaropapatik* (gods residing in highest heaven called *anuttar* or unique).

When *Graiveyak-vasi* (dwelling in a celestial area named *Graiveyak*) is taken to be a general name, the specific names are—*Adhastan* (lower) *Graiveyak, Madhyam* (middle) *Graiveyak*, and *Uparitan* (upper) *Graiveyak*.

When *Adhastan* (lower) *Graiveyak* is taken to be a general name, the specific names are—*Adhastan-Adhastan*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Graiveyak, Adhastan-Madhyam Graiveyak, and *Adhastan-Uparitan Graiveyak*

When *Madhyam* (middle) *Graiveyak* is taken to be a general name, the specific names are—*Madhyam-Adhastan Graiveyak, Madhyam-Madhyam Graiveyak*, and *Madhyam-Uparitan Graiveyak*

When *Uparitan* (upper) *Graiveyak* is taken to be a general name, the specific names are—*Uparitan-Adhastan Graiveyak, Uparitan-Madhyam Graiveyak*, and *Uparitan-Uparitan Graiveyak*

When each one of these is taken to be a general name, the specific names would be their fully developed and under-developed forms.

(१८) अविसेसिए अणुत्तरोववाइए, विसेसिए विजयए वेजयंतए जयंतए अपराजियए सव्वट्ठसिद्धए य।

एतेसिं पि सव्वेसिं अविसेसिय-विसेसिय-पज्जत्तय-अपज्जत्तयभेदा भाणियव्वा।

(१८) अनुत्तरोपपातिक देव नाम को अविशेषित कहा जाये तो विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित, सर्वार्थसिद्धविमानदेव विशेषित नाम कहलायेंगे।

इन सबको भी अविशेषित नाम की कोटि में ग्रहण किया जाये तो प्रत्येक के पर्याप्त और अपर्याप्त भेद विशेषित नाम हैं।

(18) When *Anuttaropapatik* (gods residing in highest heaven called *Anuttar* or unique) is taken to be a general name, the specific names are—(Gods residing in celestial vehicles named) *Vijaya, Vaijayant, Jayant, Aparajit, and Sarvarthsiddha.*

When each one of these is taken to be a general name, the specific names would be their fully developed and under-developed forms.

(१९) अविसेसिए अजीवदव्वे, विसेसिए धम्मत्थिकाए अधम्मत्थिकाए आगासत्थिकाए पोग्गलत्थिकाए अद्धासमए य।

अविसेसिए पोग्गलत्थिकाए विसेसिए परमाणुपोग्गले दुपएसिए जाव अणंतपएसिए। से तं दुनामे।

(१९) अजीवद्रव्य को अविशेषित नाम मानने पर धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, पुद्‌गलास्तिकाय और अद्धासमय ये विशेषित नाम होंगे।

पुद्‌गलास्तिकाय को भी अविशेषित नाम मानने पर परमाणुपुद्‌गल, द्विप्रदेशिक यावत् अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध, विशेषित नाम कहलायेंगे। यह द्विनाम का स्वरूप है।

GENERAL AND SPECIFIC NAMES OF NON-LIVING SUBSTANCE

(19) When *Ajiva dravya* (non-living substance) is taken to be a general name, the specific names are—*Dharmastikaya* (motion entity), *Adharmastikaya* (rest entity), *Akashastikaya* (space entity), *Pudgalastikaya* (matter entity), and *Addhakala* (time).

When *Pudgalastikaya* (matter entity) is taken to be a general name, the specific names are—*Paramanu-pudgala* (ultimate-particle of matter), and aggregates of two to infinite space-points (or *paramanus*).

This concludes the description of *Dvinama* (bi-named).

विवेचन—इन सूत्रों में अविशेषित और विशेषित इन दो अपेक्षाओं से द्विनाम का वर्णन किया है। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वस्तु सामान्य-विशेषात्मक है। संग्रहनय सामान्य अंश को और व्यवहारनय विशेष को प्रधानता देकर स्वीकार करता है। संग्रहनय द्वारा गृहीत अविशेषित-सामान्य-एकत्व में व्यवहारनय विधिपूर्वक भेद करता है। इन दोनों नयों की दृष्टि से ये नाम अविशेषित और विशेषित बन जाते हैं।

सम्मूर्च्छिम जीव वे हैं जो गर्भ के बिना ही उत्पन्न हो जाते हैं। इनका जन्म न तो देव-नारकों की तरह नियत स्थान से ही होता है और न ही गर्भ से। **व्युत्क्रान्तिक** का तात्पर्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्पत्ति है। जिन जीवों की उत्पत्ति गर्भ से होती है वे गर्भव्युत्क्रान्तिक जीव हैं। जो सरकते, रेंगते हैं, वे **परिसर्प** कहलाते हैं। सर्पादिक जीव छाती से सरकने वाले होने से **उरपरिसर्प** हैं और जो जीव भुजाओं से सरकते हैं, वे **भुजपरिसर्प** हैं। जैसे गोधा, नकुल आदि।

Elaboration—The aforesaid aphorisms have described bi-named in two contexts—general and specific. This conveys that every thing has two facets—general and specific. *Samgraha naya* (generalized viewpoint) accepts with emphasis on general facet and *Vyavahar naya* on specific facet. *Vyavahar naya* methodically classifies the unitary or specific view of *Samgraha naya*. From the viewpoint of these two *nayas* these names become general and specific.

Technical Terms—*Sammurchhim* beings are those that do not require a womb to be born. In other words they are of asexual origin. They are neither born out of a womb nor at a specific spot like divine and infernal beings.

Vyutkranti means origin or birth. The beings that are born out of a womb are called *garbh-vyutkrantit* (*garbh* means womb).

Parisarp are beings that crawl; reptiles are in this class. Those that crawl with the help of their breasts are called *ur-parisarp* (*ur* means breast); reptiles without limbs, like snakes, are in this class. Those that crawl with the help of arms are called *bhuj-parisarp* (*bhuja* means arms); reptiles with limbs, like lizards, are in this class.

(३) त्रिनाम

२१७. से किं तं तिनामे ?

तिनामे तिविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) दव्वणामे, (२) गुणणामे, (३) पज्जवणामे य।

२१७. (प्रश्न) त्रिनाम क्या है ?

(उत्तर) त्रिनाम के तीन भेद हैं–(१) द्रव्यनाम, (२) गुणनाम और (३) पर्यायनाम।

(3) TRINAMA

217. (Question) What is this *Trinama* (Tri-named) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Answer) *Trinama* (Tri-named) is of three kinds—(1) *Dravya-nama*, (2) *Guna-nama*, (3) *Paryaya-nama*.

विवेचन–तीन विकल्प वाला नाम त्रिनाम है। सूत्र में द्रव्य, गुण और पर्याय को त्रिनाम का उदाहरण बताया है।

द्रव्य, गुण, पर्याय का लक्षण–जो पर्यायों (अवस्थाओं) को प्राप्त करता है उसका नाम **द्रव्य** है। इस अर्थ के अनुसार द्रव्य की व्याख्या दो प्रकार से की जाती है–जो गुण और पर्याय का आधार हो तथा उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वभाव वाला हो, उसे द्रव्य कहते हैं। त्रिकाल स्थायी स्वभाव वाले **गुण** और प्रति समय पलटने वाली अवस्था को अथवा गुणों के विकार को **पर्याय** कहते हैं। गुण-द्रव्य का स्वभाव अभिन्न अंग होने से ध्रुव है, तथा पर्याय निरन्तर उत्पाद–व्यय–रूप होने से अस्थायी–परिवर्तनशील है। इन द्रव्य, गुण और पर्याय के नाम को क्रमशः द्रव्यनाम, गुणनाम और पर्यायनाम कहते हैं।

Elaboration—A name having three categories is called *Trinama* (Tri-named). In this aphorism the example given is of *dravya* (substance), *guna* (attributes), and *paryaya* (modes).

Characteristics of dravya, guna and paryaya—That which undergoes transformations is called *dravya* (substance). In this context *dravya* (substance) is defined two ways—That which is the basis of *guna* (attributes) and *paryaya* (modes) is called *dravya*. And that which has the properties of creation, destruction, and permanence is called *dravya*. The intrinsic nature that persists in threefold time (past, present, and future) is called *guna* (attributes). The ever transforming state or the distortion of attributes is called *paryaya* (modes).

(क) द्रव्यनाम

२१८. से किं तं दव्वणामे ?

दव्वणामे छव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) धम्मत्थिकाए, (२) अधम्मत्थिकाए, (३) आगासत्थिकाए, (४) जीवत्थिकाए, (५) पोग्गलत्थिकाए. (६) अद्धासमए अ। से तं दव्वणामे।

२१८. **(प्रश्न)** द्रव्य नाम क्या है?

(उत्तर) द्रव्य नाम छह प्रकार का है। यथा–(१) धर्मास्तिकाय, (२) अधर्मास्तिकाय, (३) आकाशास्तिकाय, (४) जीवास्तिकाय, (५) पुद्गलास्तिकाय, (६) अद्धासमय।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(A) DRAVYA-NAMA

218. (Question) What is this *Dravya-nama* (substance name)?

(Answer) *Dravya-nama* (substance-name) is of six types—(1) *Dharmastikaya* (motion entity), (2) *Adharmastikaya* (rest entity), (3) *Akashastikaya* (space entity), (4) *Jivastikaya* (life entity), (5) *Pudgalastikaya* (matter entity), (6) *Addhakala* (time).

(ख) गुणनाम

२१९. से किं तं गुणनामे ?

गुणनामे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा-(१) वण्णनामे, (२) गंधनामे, (३) रसणामे, (४) फासनामे, (५) संठाणनामे।

२१९. (प्रश्न) गुण नाम क्या है ?

(उत्तर) गुण नाम के पाँच प्रकार के हैं-(१) वर्णनाम, (२) गंधनाम, (३) रसनाम, (४) स्पर्शनाम, (५) संस्थाननाम।

(B) GUNA-NAMA

219. (Question) What is this *Guna-nama* (attribute-name)?

(Answer) *Guna-nama* (attribute-name) is of five types—(1) *Varna-nama* (appearance-name), (2) *Gandh-nama* (smell-name), (3) *Rasa-nama* (taste-name), (4) *Sparsh-nama* (touch-name), (5) *Samsthan-nama* (structure-name).

विवेचन-सूत्र में बताए गये गुणनाम के पाँचों भेद पुद्गलद्रव्य में पाये जाते हैं। यद्यपि धर्मास्तिकाय आदि द्रव्यों के अपने-अपने गुण हैं, परन्तु पुद्गलद्रव्य के सिवाय शेष द्रव्य अमूर्त होने से उनके गुण भी अमूर्त हैं।

इन वर्णनाम आदि के लक्षण इस प्रकार हैं-

वर्णनाम-सामान्यतया वर्ण का अर्थ रंग होता है किन्तु यहाँ दृष्ट रूप के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। वर्ण चक्षुरिन्द्रिय का विषय है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गंधनाम–जो सूंघा जाये वह गंध है। यह घ्राणेन्द्रिय का विषय है।

रसनाम–जो चखा जाता है वह रस है। यह रसनेन्द्रिय का विषय है।

स्पर्शनाम–जो स्पर्शनेन्द्रिय द्वारा छूने पर जाना जाये वह स्पर्श है।

संस्थाननाम–आकार, आकृति को संस्थान कहते हैं।

Elaboration—The five types of *Guna-nama* (attribute-name) are evident in matter (*pudgala dravya*). Although substances like *Dharmastikaya* (motion entity) also have their own attributes, but as besides matter all other substances are formless their attributes are also intangible.

The definitions of these *Guna-namas* (attribute-names) including *Varna-nama* (appearance-name) are as follows—

Varna-nama (appearance-name)—The common meaning of *varna* is colour but here it means appearance. It is the subject of eyes or the sense of seeing.

Gandh-nama (smell-name)—*Gandh* means smell. It is the subject of nose or the sense of smell.

Rasa-nama (taste-name)—*Rasa* here means taste. It is the subject of taste buds or the sense of taste.

Sparsh-nama (touch-name)—*Sparsh* means touch. It is the subject of skin or the sense of touch.

Samsthan-nama (structure-name)—*Samsthan* means shape or form. It defines the structure or constitution of things.

वर्णनाम के भेद

२२०. से किं तं वण्णनामे ?

वण्णनामे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) कालवण्णनामे, (२) नीलवण्णनामे, (३) लोहियवण्णनामे, (४) हालिद्दवण्णनामे, (५) सुक्किलवण्णनामे। से तं वण्णनामे।

२२०. (प्रश्न) वर्ण नाम क्या है ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उत्तर) वर्ण नाम के पाँच भेद हैं—(१) कृष्णवर्णनाम, (२) नीलवर्णनाम, (३) लोहित (रक्त) वर्णनाम, (४) हारिद्र (पीत) वर्णनाम, (५) शुक्लवर्णनाम। यह वर्णनाम का स्वरूप है।

VARNA-NAMA

220. (Question) What is this *Varna-nama* (appearance-name)?

(Answer) *Varna-nama* (appearance-name) is of five types—(1) *Krishna Varna-nama* (black appearance), (2) Neel Varna-nama (blue appearance), (3) *Lohit Varna-nama* (red appearance), (4) *Haridra Varna-nama* (yellow appearance), (5) *Shukla Varna-nama* (white appearance).

This concludes the description of *Varna-nama* (appearance-name).

गंधनाम

२२१. से किं तं गंधनामे ?

गंधनामे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा—(१) सुरभिगंधनामे य, (२) दुरभिगंधनामे य। से तं गंधनामे।

२२१. (प्रश्न) गंध नाम क्या है?

(उत्तर) गंध नाम के दो प्रकार हैं। यथा—(१) सुरभिगंधनाम, (२) दुरभिगंधनाम। यह गंधनाम का स्वरूप है।

GANDH-NAMA

221. (Question) What is this *Gandh-nama* (smell-name)?

(Answer) *Gandh-nama* (smell-name) is of two types—(1) *Surabhi Gandh-nama* (good smell-name) and (2) *Durabhi Gandh-nama* (bad smell-name).

This concludes the description of *Gandh-nama* (smell-name).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रसनाम

२२२. से किं तं रसनामे ?

रसनामे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) तित्तरसणामे, (२) कडुयरसणामे, (३) कसायरसणामे, (४) अंबिलरसणामे, (५) महुररसणामे य। से तं रसनामे।

२२२. **(प्रश्न)** रस नाम क्या है ?

(उत्तर) रस नाम के पाँच भेद हैं। जैसे–(१) तिक्तरसनाम, (२) कटुकरसनाम, (३) कषायरसनाम, (४) आम्लरसनाम, (५) मधुररसनाम। यह रसनाम का स्वरूप है।

RASA-NAMA

222. (Question) What is this *Rasa-nama* (taste-name) ?

(Answer) *Rasa-nama* (taste-name) is of five types—(1) *Tikta Rasa-nama* (bitter taste-name), (2) *Katuk Rasa-nama* (pungent taste-name), (3) *Kashaya Rasa-nama* (astringent taste-name), (4) *Amla Rasa-nama* (sour taste), and (5) *Madhura Rasa-nama* (sweet taste-name).

This concludes the description of *Rasa-nama* (taste-name).

स्पर्शनाम

२२३. से किं तं फासणामे ?

फासणामे अट्ठविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) कक्खडफासणामे, (२) मउयफासणामे, (३) गरुयफासणामे, (४) लहुयफासणामे, (५) सीतफासणामे, (६) उसिणफासणामे, (७) णिद्धफासणामे, (८) लुक्खफासणामे। से तं फासणामे।

२२३. **(प्रश्न)** स्पर्श नाम क्या है ?

(उत्तर) स्पर्श नाम के आठ प्रकार हैं–(१) कर्कशस्पर्शनाम, (२) मृदुस्पर्शनाम, (३) गुरुस्पर्शनाम, (४) लघुस्पर्शनाम, (५) शीतस्पर्शनाम, (६) उष्णस्पर्शनाम, (७) स्निग्धस्पर्शनाम, (८) रूक्षस्पर्शनाम। यह स्पर्शनाम का स्वरूप है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

SPARSH-NAMA

223. (Question) What is this *Sparsh-nama* (touch-name) ?

(Answer) *Sparsh-nama* (touch-name) is of eight types—(1) *Karkash Sparsh-nama* (hard touch-name), (2) *Mridu Sparsh-nama* (soft touch-name), (3) *Guru Sparsh-nama* (heavy touch-name), (4) *Laghu Sparsh-nama* (light touch-name), (5) *Sheet Sparsh-nama* (cold touch-name), 6) *Ushna Sparsh-nama* (hot touch-name), (7) *Snigdha Sparsh-nama* (smooth touch-name), and (8) *Ruksh Sparsh-nama* (coarse or dry touch-name).

This concludes the description of *Sparsh-nama* (touch-name).

संस्थाननाम

२२४. से किं तं संठाणणामे ?

संठाणणामे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) परिमंडलसंठाणणामे, (२) वट्टसंठाणणामे, (३) तंससंठाणणामे, (४) चउरंससंठाणणामे, (५) आयतसंठाणणामे। से तं संठाणणामे। से तं गुणणामे।

२२४. (प्रश्न) संस्थाननाम क्या है ?

(उत्तर) संस्थाननाम के पाँच प्रकार कहे हैं। यथा–(१) परिमण्डल–संस्थाननाम, (२) वृत्तसंस्थाननाम, (३) त्र्यस्रसंस्थाननाम, (४) चतुरस्रसंस्थाननाम, (५) आयतसंस्थाननाम। यह संस्थाननाम का स्वरूप है। यह गुणनाम की व्याख्या समाप्त हुई।

SAMSTHANA-NAME (STRUCTURE-NAME)

224. (Question) What is this *Samsthana-nama* (structure-name) ?

(Answer) *Samsthana-nama* (structure-name) is of five types—(1) *Parimandal Samsthana-nama* (circular-plate structure-name), (2) *Vritta Samsthana-nama* (circular-ring

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अजीव संस्थान के पाँच प्रकार

FIVE SHAPES OF AJEEV (MATERIAL BODIES)



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १५

Illustration No. 15

अजीव के पाँच संस्थान

वस्तु की आकृति को भी संस्थान कहा गया है। अजीव संस्थान छह प्रकार का होता है–

(१) **वृत्त संस्थान**–चूड़ी के आकार की गोलाई जैसा, परन्तु बीच में स्थान खाली (पोल) हो।

(२) **परिमंडल संस्थान**–थाली, सूर्य मंडल, कुम्हार का चाक या चन्द्र मंडल के समान गोल आकार। इनके बीच में स्थान खाली नहीं रहता।

(३) **त्र्यस्र संस्थान (त्रिकोण)**–सिंघाड़ा या त्रिभुज की आकृति के तीन कोनों की लम्बाई, चौड़ाई की भिन्नता के कारण यह अनेक प्रकार का हो सकता है।

(४) **चतुरस्र संस्थान**–जिसके चारों कोने समान हों। यह भी कई चौकी आदि आकृतियों में बनता है।

(५) **आयत संस्थान**–चारों कोण समान होने पर भी जिसकी लम्बाई अधिक हो और चौड़ाई कम हो जैसे दंडाकृति।

(६) **अनित्य संस्थान**–उक्त पाँचों से भिन्न किसी भी प्रकार का संस्थान।

–सूत्र २२४

(प्रज्ञापना पद १, भगवती शतक २५ उ. ३ में भी इसका वर्णन है)

FIVE SAMSTHANA OF AJIVA

Shape of a thing is also called *samsthana*. Shapes of non-living things are also of six kinds—

(1) Vritta Samsthana—circular structure with a gap in the middle such as a ring.

(2) Parimandal Samsthana—circular-plate like structure that is round like a dish without any gap in the middle.

(3) Tryasra Samsthana—a three cornered structure like a triangle or *Singhada* (water-chestnut). With variations in the length of three sides such structure can be of many different types.

(4) Chaturasra Samsthana—a four sided structure with all the angles and sides of same proportion like a square.

(5) Ayat Samsthana—a four sided structure with all angles equal but two sides longer then the other two like a rectangle.

(6) Anitya—any irregular structure other than the aforesaid five.

—Sutra : 224

(*Prajnapana,* verse-1; *Bhagavati Shatak* 25/3)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

structure-name), (3) *Tryasra Samsthana-nama* (triangular structure-name), (4) *Chaturasra Samsthana-nama* (square structure-name), and (5) *Ayat Samsthana-nama* (rectangular structure-name).

This concludes the description of Samsthana-nama (structure-name). This also concludes the description of *Guna-nama* (attribute-name).

विवेचन–संस्थान के पाँच भेदों का स्वरूप प्रसिद्ध है। जो थाली के समान गोल हो, बीच में किंचिन्मात्र भी खाली स्थान न हो, ऐसा संस्थान **परिमण्डलसंस्थान** है। जबकि **वृत्तसंस्थान** चूड़ी के समान (बीच में खाली) गोल होता है। तीन कोण (कोणे) वाले संस्थान को **त्र्यस्र–त्रिभुज** या तिकोना संस्थान कहते हैं। तीनों भुजाओं की लम्बाई चौड़ाई की भिन्नता से यह संस्थान अनेक प्रकार का हो सकता है। **चतुरस्रसंस्थान** में चारों कोण एवं लम्बाई–चौड़ाई समान होती है, जबकि **आयतसंस्थान** में चारों कोण समान होने पर भी लम्बाई अधिक और चौड़ाई कम होती है।

Elaboration—These are five popular kinds of structural shapes. *Parimandal Samsthana* is circular plate-like structure that is round like a dish without any gap in the middle. *Vritta Samsthana* is circular structure with a gap in the middle such as a ring. *Tryasra Samsthana* is a three cornered structure like a triangle. With variations in the length of three sides such structure can be of many different types. *Chaturasra Samsthana* is a four sided structure with all the angles and sides of same proportion like a square. *Ayat Samsthana* is also a four sided structure with all angles equal but two sides longer then the other two like a rectangle.

(ग) पर्यायनाम

२२५. से किं तं पज्जवनामे ?

पज्जवनामे अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा–एगगुणकालए दुगुणकालए जाव अणंतगुणकालए। एगगुणनीलए दुगुणनीलए जाव अणंतगुणनीलए। एवं लोहिय–हालिद्द–सुक्किला वि भाणियव्वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एगगुणसुरभिगंधे दुगुणसुरभिगंधे जाव अणंतगुणसुरभिगंधे एवं दुरभिगंधो वि भाणियव्वो।

एगगुणतित्ते दुगुणतित्ते जाव अणंतगुणतित्ते, एवं कडुय–कसाय–अंबिल–महुरा वि भाणियव्वा

एगगुणकक्खडे दुगुणकक्खडे जाव अणंत गुणकक्खडे, एवं मउय–गरु–लहुय–सीत–उसिण–णिद्धलुक्खा वि भाणियव्वा। से तं पज्जवणामे।

२२५. (प्रश्न) पर्यायनाम क्या है ?

(उत्तर) पर्यायनाम के अनेक प्रकार हैं। यथा–एकगुण (अंश) काला, द्विगुणकाला यावत् अनन्तगुणकाला, एकगुणनीला, द्विगुणनीला यावत् अनन्तगुणनीला तथा इसी प्रकार लोहित (रक्त), हारिद्र (पीत) और शुक्लवर्ण की पर्यायों के नाम भी कहना चाहिए।

एकगुणसुरभिगंध, द्विगुणसुरभिगंध यावत् अनन्तगुणसुरभिगंध, इसी प्रकार दुरभिगंध के विषय में भी कहना चाहिए।

एकगुणतिक्त, द्विगुणतिक्त यावत् अनन्तगुणतिक्त, इसी प्रकार कटुक, कषाय, अम्ल एवं मधुर रस की पर्यायों के विषय में भी कहना चाहिए।

एकगुणकर्कश, द्विगुणकर्कश यावत् अनन्तगुणकर्कश, इसी प्रकार मृदु, गुरु, लघु, शीत, उष्ण, स्निग्ध, रूक्ष स्पर्श की पर्यायों की वक्तव्यता है।

(C) PARYAYA-NAMA

225. (Question) What is this *Paryaya-nama* (mode-name)?

(Answer) *Paryaya-nama* (mode-name) is of many types—One unit black (minimum), two unit black (twice as black as the earlier one), and so on up to infinite unit black. One unit blue (minimum), two unit blue (twice as blue as the earlier one), and so on up to infinite unit blue. Same statement goes for modes of red, yellow, and white colours also.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

One unit good smell (minimum), two unit good smell (twice as good smell as the earlier one), and so on up to infinite unit good smell. Same statement goes for modes of bad smell also.

One unit bitter taste (minimum), two unit bitter taste (twice as bitter taste as the earlier one), and so on up to infinite unit bitter taste. Same statement goes for modes of pungent taste, astringent taste, sour taste, and sweet taste also.

One unit hard touch (minimum), two unit hard touch (twice as hard touch as the earlier one), and so on up to infinite unit hard touch. Same statement goes for modes of soft touch, heavy touch, light touch, cold and hot touch, smooth touch, and coarse or dry touch also.

विवेचन–प्रस्तुत सूत्र में गुणों को माध्यम बनाकर पर्याय का स्वरूप बताया है। पर्याय एक गुण (अंश) कृष्ण आदि रूप हैं। अर्थात् जिस परमाणु आदि द्रव्य में कृष्ण गुण का एक अंश हो वह परमाणु आदि द्रव्य एकगुण कृष्णवर्ण आदि वाला है। इसी प्रकार दो आदि अंश से लेकर अनन्त अंशों तक के लिए जानना चाहिए।

पुद्गलास्तिकाय के दो भेद हैं–अणु और स्कन्ध। स्कन्धों में तो पाँच वर्ण, दो गंध, पाँच रस और आठ स्पर्श कुल मिलाकर बीस गुण होता है। परमाणुओं में कर्कश, मृदु, गुरु, लघु ये चार स्पर्श नहीं होने से कुल सोलह गुण पाये जाते हैं तथा एक परमाणु में शेष रहे शीत–उष्ण, स्निग्ध–रुक्ष इन चार स्पर्शों में से भी एक समय में अविरोधी दो स्पर्श ही होते हैं। अर्थात् (१) शीत हो तो उष्ण नहीं, (२) रुक्ष हो तो स्निग्ध नहीं तथा (३) एक वर्ण, (४) एक गंध, (५) एक रस, इस प्रकार कुल पाँच गुण और उनके पर्याय सम्भव हैं।

ये वर्ण आदि गुण मूर्त वस्तु–पुद्गल से कभी अलग नहीं होते हैं किन्तु इनके एक, दो आदि रूप अंश रूपान्तरित होते रहते हैं। तभी द्रव्य के अवस्थान्तर होने का बोध होता है।

Elaboration—In this aphorism modes have been explained with the help of *Guna* or attributes. Mode is one unit black (fractionally black) and so on. This means that the *paramanu* (ultimate-particle) or substance that has only one unit of the attribute that is black colour is called one unit black *paramanu*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ultimate-particle) or substance. The same goes for two and more units (up to infinite) of the specific colour or other attribute.

Pudgalastikaya (matter entity) has two basic kinds—*paramanu* (ultimate-particle) and *skandh* (aggregate). There are twenty attributes applicable to *Skandhs*—five *Varna* (appearance), two *Gandh* (smell), five *Rasa* (taste), and eight *Sparsh* (touch). As four attributes of touch, namely hard, soft, heavy, and light are not applicable to *paramanu* (ultimate-particle), only sixteen attributes are applicable to *paramanus.* In a single *paramanu* (ultimate-particle) there can only be two out of the remaining four attributes of touch that are not mutually contradictory; one out of hot and cold, and one out of smooth and coarse/dry. Thus a single *paramanu* has only five attributes and their modes—(1) either hot or cold, (2) either smooth or coarse/dry, (3) one kind of appearance, (4) one kind of smell, and (5) one kind of taste.

Matter or a tangible thing is never devoid of all these attributes including appearance. However, the modes keep on changing and that becomes evident as transformation.

त्रिनाम का दूसरा प्रकार

२२६. तं पुण णामं तिविहं, (१) इत्थी, (२) पुरिसं, (३) णपुंसगं चेव।

एएसिं तिण्हं पि य अंतम्मि परूवणं वोच्छं॥१८॥

तत्थ पुरिसस्स अंता आ ई ऊ ओ य होंति चत्तारि।

ते चेव इत्थियाए हवंति ओकारपरिहीणा॥१९॥

अं ति य इं ति य उं ति य अंता उ णपुंसगस्स बोद्धव्वा।

एतेसिं तिण्हं पि य वोच्छामि निदंसणे एत्तो॥२०॥

आकारंतो राया ईकारंतो गिरी य सिहरी य।

ऊकारंतो विण्हू दुमो ओअंताओ पुरिसाणं॥२१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आकारंता माला ईकारंता सिरी य लच्छी य।
ऊकारंता जंबू वहू य अंता उ इत्थीणं॥२२॥
अंकारंतं धन्नं इंकारंतं नपुंसकं अच्छिं।
उंकारंतं पीलूं महुं च अंता णपुंसाणं॥२३॥

से तं तिणामे।

२२६. त्रिनाम के पुनः तीन प्रकार हैं। जैसे-(१) स्त्रीनाम, (२) पुरुषनाम, और (३) नपुंसकनाम। इन तीनों प्रकार के नामों का बोध उनके अन्त्याक्षरों द्वारा होता है॥१८॥ जैसे-

पुल्लिंगवाची नामों के अन्त में 'आ, ई, ऊ, ओ' इन चार में से कोई एक वर्ण (प्रत्यय) होता है तथा स्त्री लिंगवाची नामों के अन्त में 'ओ' को छोड़कर शेष तीन (आ, ई, ऊ) वर्ण होते हैं॥१९॥

नपुंसकलिंग वाची शब्दों के अन्त में अं, इं या उं वर्ण जानना चाहिए। अब इन तीनों के उदाहरण कहता हूँ॥२०॥

पुल्लिंगवाची आकारान्त नाम का उदाहरण **राया** (राजा) है। ईकारान्त का उदाहरण-**गिरी** (गिरि) तथा **सिहरी** (शिखरी) हैं ऊकारान्त का उदाहरण **विण्हू** (विष्णु) और ओकारान्त का **दुमो** (द्रुमो-वृक्ष) है॥२१॥

स्त्रीलिंगवाची नाम में-'**माला**' यह आकारान्त का, **सिरी** (श्री) और **लच्छी** (लक्ष्मी) ईकारान्त, **जम्बू** (जामुन वृक्ष), **बहू**, (वधू) ऊकारान्त नारी जाति के (नामों के) उदाहरण हैं॥२२॥

नपुंसकलिंगवाची नाम का उदाहरण है। **धन्नं** (धान्य) यह अंकारान्त। **अच्छिं** (अक्षि) यह इंकारान्त तथा **पीलुं** (पीलु-वृक्ष विशेष) **महुं** (मधु) ये उंकारान्त नपुंसकनाम के पद हैं॥२३॥

इस प्रकार यह त्रिनाम का स्वरूप है।

ANOTHER TYPE OF TRINAMA

226. Also there are another three types of *Trinama* (tri-name)—(1) *Stree-nama* (feminine-name), (2) *Purush-*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

nama (masculine-name), and (3) *Napumsak-nama* (neuter-name). The word endings give the indication about these three kinds of names. (18)

Masculine gender names end with any of the four vowels '*a*', '*i*', '*u*', or '*o*'. Leaving aside '*o*' feminine gender names end with any of the three remaining vowels ('*a*', '*i*', '*u*'). (19)

Neuter gender names end with any of the three vowels '*am*', '*im*', or '*um*'. Now I will give examples of these three. (20)

The example of masculine name ending with '*a*' is *raya* (*raja* or *king*). That ending with '*i*' is *giri* (giri or hill) and *sihari* (*shikhari* or hilltop), that ending with '*u*' is *Vinhu* (*Vishnu*), and that ending with '*o*' is *dumo* (*drumo* or tree). (21).

The example of feminine name ending with '*a*' is *mala* (*mala* or garland). That ending with '*i*' is *Siri* (*Shri*) and *Lachhi* (*Lakshmi*), and that ending with '*u*' is *jambu* (*jamun* or rose apple) and *bahu* (*vadhu* or bride). (22).

The example of neuter name ending with '*am*' is *dhannam* (*dhaanya* or grains). That ending with '*im*' is *achhim* (*akshi* or eye), and that ending with '*um*' is *pilum* (*pilu* or name of a tree) and *mahum* (*madhu* or honey). (23).

This concludes the description of *Trinama* (tri-name)

(४) चतुर्नाम

२२७. से किं तं चतुणामे ?

चतुणामे चउव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) आगमेणं, (२) लोवेणं, (३) पयईए, (४) विगारेणं।

२२७. (प्रश्न) चतुर्नाम क्या है ?

(उत्तर) चतुर्नाम के चार प्रकार हैं। यथा–(१) आगम से होने वाला नाम, (२) लोप से होने वाले नाम, (३) प्रकृति से होने वाला नाम, (४) विकार से होने वाला नाम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(4) CHATURNAMA (FOUR-NAMED)

227. (Question) What is this *Chaturnama* (Four-named)?

(Answer) *Chaturnama* (Four-named) is of four types—(1) name made by *Agam* (adding a letter), (2) name made by *Lope* (dropping a letter), (3) name made by *Prakriti* (maintaining the natural or original form), and (4) name made by *Vikar* (distortion or basic change in the natural form).

२२८. से किं तं आगमेणं ?

आगमेणं पद्मानि पयांसि कुण्डानि। से तं आगमेणं।

२२८. **(प्रश्न)** आगम से होने वाला नाम क्या है ?

(उत्तर) पद्मानि, पयांसि, कुण्डानि आदि ये सब आगमनिष्पन्ननाम के उदाहरण हैं।

228. (Question) What is this name made by *Agam* (adding a letter)?

(Answer) Examples of name made by *Agam* (adding a letter) are—*padmani* (this is made by adding *ni* to *padma* and similar suffixes in other examples according to Sanskrit grammar), *payamsi, Kundani,* etc.

२२९. से किं तं लोवेणं ?

लोवेणं ते अत्र = तेऽत्र, पटोअत्र = पटोऽत्र, घटो अत्र = घटोऽत्र, रथो अत्र = रथोऽत्र। से तं लोवेणं।

२२९. **(प्रश्न)** लोप से होने वाला नाम क्या है ?

(उत्तर) ते + अत्र = तेऽत्र, पटो + अत्र = पटोऽत्र, घटो + अत्र = घटोऽत्र, रथो + अत्र = रथोऽत्र, ये लोपनिष्पन्ननाम हैं।

229. (Question) What is this name made by *Lope* (dropping a letter)?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Answer) Examples of name made by *Lope* (dropping a letter) are—*te* + *atra* = *tetra* (*a* from atra is dropped here), similarly *patotra*, *ghatotra*, and *rathotra*.

२३०. से किं तं पगतीए ?

अग्नी एतौ, पटू इमौ, शाले एते, माले इमे। से तं पगतीए।

२३०. (प्रश्न) प्रकृति से होने वाला नाम क्या है ?

(उत्तर) अग्नी एतौ, पटू इमौ, शाले एते, माले इमे इत्यादि प्रयोग प्रकृतिनिष्पन्न नाम हैं।

230. (Question) What is this name made by *Prakriti* (maintaining the natural or original form) ?

(Answer) Examples of name made by *Prakriti* (maintaining the natural or original form) are—*agni etao* (both these words are in their natural form without making any change to combine them), *patu imao, male ime*, etc.

२३१. से किं तं विकारेणं ?

विकारेणं दण्डस्य अग्रं दण्डाग्रम्, सा आगता साऽऽगता, दधि इदं दधीदम्, नदी ईहते नदीहते, मधु उदकं मधूदकम्, बहु ऊहते बहूहते। से तं विकारेणं। से तं चउणामे।

२३१. (प्रश्न) विकार से होने वाला नाम क्या है ?

(उत्तर) दण्डस्स + अग्रं–दण्डाग्रम्, सा + आगता–साऽऽगता, दधि + इदं–दधीदं, नदी + ईहते–नदीहते, मधु + उदकं–मधूदकं,बहु + ऊहते–बहूहते, ये सब विकारनिष्पन्ननाम हैं।

यह चतुर्नाम का स्वरूप है।

[सूत्र २२६ से २३१ तक के सूत्रों पर व्याकरण अर्थात् शब्द शास्त्र की दृष्टि से विस्तार पूर्ण विवेचन के लिए ज्ञान मुनिकृत हिन्दी टीका. भाग २ पृष्ठ ६४ से ८० तक देखें।]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

231. (Question) What is this name made by *Vikar* (distortion or basic change in the natural form) ?

(Answer) Examples of name made by *Vikar* (distortion or basic change in the natural form) are—*dandassa + agram = dandagram* (here the natural form of *dandassa* has been changed to *danda*), *sa + agata = sagata, dadhi + idam = dadheedam, nadi + eehate = nadihate, madhu + udakam = madhoodakam, bahu + oohate = bahoohate*, etc.

This concludes the description of *Chaturnama* (four named).

[Aphorisms 226 to 231 relate to Sanskrit grammar. For details refer to *Anuyogadvar a Hindi Tika* part-2 by Jnana Muni p. 64-80]

(५) पंचनाम

२३२. से किं तं पंचनामे।

पंचनामे पंचविहे पण्णत्ते। तं जहा-(१) नामिकं, (२) नैपातिकं, (३) आख्यातिकं, (४) औपसर्गिकं, (५) मिश्रं च। अश्व इति नामिकम्, खल्विति नैपातिकम्, धावतीत्याख्यातिकम्। परि इत्यौपसर्गिकम्। संयत इति मिश्रम्। से तं पंचनामे।

२३२. (प्रश्न) पंचनाम क्या है ?

(उत्तर) पंचनाम पाँच प्रकार का है। जैसे-(१) नामिक, (२) नैपातिक, (३) आख्यातिक, (४) औपसर्गिक, और (५) मिश्र। जैसे 'अश्व' यह नामिकनाम का, 'खलु' नैपातिकनाम का 'धावति' आख्यातिकनाम का, 'परि' औपसर्गिक नाम और 'संयत' यह मिश्रनाम का उदाहरण है।

(5) PANCH NAMA (FIVE-NAMED)

232. (Question) What is this *Panch nama* (Five-named) ?

(Answer) *Panch nama* (Five-named) is of five types—(1) *Namik*, (2) *Naipatik*, (3) *Akhyatik*, (4) *Aupasargik*, and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(5) *Mishra*. For example *ashva* (horse) is *Namik nama* (name or noun), *khalu* is *Naipatik nama* (indeclinable), *dhavati* is *akhyatik nama* (verb), *pari* is *Aupasargik nama* (prefix), and *smayat* is *Mishra nama* (mixed).

विवेचन–व्याकरण के नियमानुसार नाम पाँच प्रकार कहे हैं–

(१) **नामिक**–कोई भी अर्थवान शब्द नाम कहलाता है–जैसे अश्व।

(२) **नैपातिक**–कुछ विशेष अर्थों को व्यक्त करने के लिए निश्चित किये गये वे 'पद' जो सब लिंगों और विभक्तियों में समान होते हैं–जैसे 'च' 'खलु' 'वा' आदि।

(३) **आख्यातिक**–धातु (क्रिया पद) के आगे प्रत्यय लगाकर जो धातु रूप बनता है, वह आख्यातिक जैसे–धावति, भवति।

(४) **औपसर्गिक**–'प्र', 'परा', 'परि' आदि उपसर्गों से बनने वाले शब्द जैसे 'प्रहार', 'पराभूत', 'परिष्कार' आदि।

(५) **मिश्र**–उपसर्ग, धातु और प्रत्यय आदि के मिश्रण-योग से बने शब्द जैसे–संयत, सुदर्शन आदि।

(–विस्तार के लिए देखें हिन्दी टीका भाग २ पृ. ८०–८२)

Elaboration—According to Sanskrit grammar there are five types of name :

Namik—noun.

Naipatik—indeclinable.

Akhyatik—verb.

Aupasargik—prefix.

Mishra—of mixed nature.

(For details refer to *Anuyogadvar Hindi* Tika part-2 by Jnana Muni p. 80-82)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाव प्रकरण
THE DISCUSSION ON BHAAVA

भाव वर्णन : छह नाम

२३३. से किं तं छनामे ?

छनामे छव्विहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) उदइए, (२) उवसमिए, (३) खइए, (४) खओवसमिए, (५) पारिणामिए, (६) सन्निवातिए।

२३३. (प्रश्न) छह नाम क्या है ?

(उत्तर) छह नाम के छह प्रकार कहे हैं–(१) औदयिक, (२) औपशमिक, (३) क्षायिक, (४) क्षायोपशमिक, (५) पारिणामिक, और (६) सान्निपातिक।

CHHAHA NAMA (SIX-NAMED)

233. (Question) What is this *Chhaha nama* (Six-named) ?

(Answer) *Chhaha nama* (Six-named) is of six types—(1) *audayik,* (2) *aupashamik,* (3) *kshayik,* (4) *kshayopashamik*, (5) *parinamik*, and (6) *sannipatik.*

विवेचन–भाव जीव का गुण भी है, और पर्याय भी है। जीव का समग्र स्वरूप समझने के लिए उसकी विभिन्न पर्यायों को जानना आवश्यक है। कर्मों के उदय, उपशम आदि से होने वाला जीव का स्पन्दन या स्वरूप भाव है। भाव के छह प्रकार हैं–

(१) **औदयिकभाव**–ज्ञानावरण आदि आठ प्रकार के कर्मों के विपाक–फल का अनुभव करने को उदय कहते हैं। इस उदय का अथवा उदय से निष्पन्नभाव पर्याय (उदयोप्राप्त अवस्था) का नाम औदयिकभाव है। संसारी जीव को कर्म का उदय निरन्तर होता रहता है। नरक–मनुष्य आदि अवस्थाएँ उदय निष्पन्न भाव हैं।

(२) **औपशमिकभाव**–सत्ता में रहते हुए भी कर्मों का उदय में नहीं रहना अर्थात् आत्मा में कर्म की निज शक्ति का कारणवश प्रकट न होना या प्रदेश और विपाक दोनों प्रकार के कर्मोदय का रुक जाना उपशम है, जैसे राख से आच्छादित अग्नि छिपी रहती है, उसी प्रकार इस उपशम अवस्था में कर्मों का उदय नहीं होता है, किन्तु वे सत्ता में रहते हैं। जैसे मिट्टी युक्त जल की मिट्टी नीचे दब जाने पर ऊपर जल स्वच्छ दिखाई देता है। मिट्टी नीचे दबी रहती है। इस उपशम से निष्पन्न भाव को औपशमिकभाव कहते हैं। यह भाव सादि–सान्त है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आठ कर्मों में चार अघाति कर्मों का उपशम नहीं होता। जैसे आयुष्य कर्म निरन्तर भोगा जाता है। साता-असाता के रूप में वेदनीय कर्म भी निरन्तर भोगा जा रहा है। घाति कर्मों में ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय तथा अन्तराय कर्म का उपशम नहीं होता। केवल एक मोहनीय कर्म का उपशम होता है, क्योंकि मोहनीय कर्म की प्रकृतियाँ संवेगात्मक और विकारक होती हैं।

नीरस किये हुए कर्म दलिकों का वेदन प्रदेशोदय तथा रसयुक्त कर्म दलिकों का फल भोग-विपाकोदय है।

(३) **क्षायिक भाव**—कर्म के पूर्ण विनाश को क्षय कहते हैं। क्षय से जो भाव प्राप्त होता है वह क्षायिकभाव है। यह भाव सादि-अनन्त है। जैसे जीव की अरिहंत सिद्ध आदि अवस्थाएँ।

(४) **क्षायोपशमिकभाव**—कर्मों का क्षय और उपशम होना क्षयोपशम है। क्षयोपशम से उत्पन्न क्षायोपशमिकभाव है। यह भाव कुछ बुझी हुई और कुछ नहीं बुझी हुई अग्नि के समान जानना चाहिए।

क्षयोपशम की प्रक्रिया में उदयावलिका प्राप्त अथवा उदीर्ण दलिकों का क्षय होता रहता है। सत्ता में रहते हुए भी जो दलिक उदय में आने योग्य नहीं है उन अनुदीर्ण दलिकों का उपशम होता रहता है।

इसके दो रूप बनते हैं-(१) उदय में आने योग्य कर्म दलिकों को विपाकोदय को अयोग्य बना देना।

(२) तीव्र रस को मंद रस में परिणत करना। क्षयोपशम केवल चार घाति कर्म का ही होता है। अघाति कर्म का क्षयोपशम नहीं होता।

घातिकर्म आत्मा के ज्ञान, दर्शन, आदि चार मौलिक गुणों को आवृत तथा विकृत करते हैं, किन्तु उनका सर्वथा नाश नहीं करते इसलिए उनका क्षयोपशम होता है।

(५) **पारिणामिकभाव**—परिणाम का अर्थ है-नये-नये पर्यायों में जाना। यह दो प्रकार का होता है-स्वाभाविक तथा प्रयोगजनित। यह परिणाम ही पारिणामिकभाव है। अथवा जिसके कारण मूल वस्तु में किसी प्रकार का परिवर्तन न हो, वस्तु की स्वभाव में ही परिणति होते रहना पारिणामिक भाव है।

(६) **सान्निपातिकभाव**—इन पाँचों भावों में से दो-तीन आदि भावों का मिलना सन्निपात है, यह सन्निपात ही सान्निपातिक भाव कहलाता है। इन भावों का विस्तारपूर्वक स्वरूप निरूपण आगे किया जाता है।

Elaboration—*Bhaava* is both attribute as well as mode of beings. In order to understand a being or soul fully it is necessary to understand its various modes. The form or activity of soul

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँच भाव

FIVE TYPES OF THOUGHT-ACTIVITY

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १६

Illustration No. 16

पाँच भाव

(१) **उदय भाव**–कर्मों का फल–विपाक देने की स्थिति में आना। जैसे–बीज वृक्ष बनकर फल देने की स्थिति में आ गया है। (१) **उदय निष्पन्न भाव**–मनुष्य, पशु आदि योनियाँ।

(२) **उपशम भाव**–भीतर कर्मों की सत्ता रहते हुए भी ऊपर से अनुदय की स्थिति। जैसे–राख से दबी आग या मिट्टी से नितरा हुआ पानी। (२) **उपशम निष्पन्न भाव** में आत्मा के क्रोध आदि कषाय शान्त रहते हैं।

(३) **क्षय भाव**–चार घाति या आठों कर्मों का सम्पूर्ण क्षय होना। जैसे–चित्र में बताया है मिट्टी हट जाने से पानी बिलकुल स्वच्छ हो गया है। कर्मरूपी अंकुर पूर्ण रूप से जलकर राख हो गये हैं। (३) **क्षय निष्पन्न भाव** में अरिहंत तथा सिद्ध अवस्था प्राप्त होती है।

(४) **क्षयोपशम भाव**–उदय प्राप्त कर्मों का क्षय तथा अनुदीर्ण कर्मों का उपशम होना। जैसे–पानी का कुछ भाग पूर्णतः स्वच्छ है तथा कुछ भाग की मिट्टी नीचे जम जाने से ऊपर पानी स्वच्छ दीखता है। (४) **क्षायोपशम निष्पन्न भाव**–जैसे आचार्य हेमचन्द्र सूरि श्रुत ज्ञानावरण का विशेष क्षयोपशम होने से विपुल साहित्य का निर्माण कर सके।

(५) **पारिणामिक भाव**–प्रतिक्षण नये–नये पर्यायों में जाना। इसके दो भेद हैं–(१) **सादि पारिणामिक**। जैसे–वृक्ष, पर्वत, बादल गुड़, घी आदि। (२) **अनादि पारिणामिक** जैसे–लोक, अलोक आदि।

–सूत्र २३५–२५९

FIVE BHAAVA (STATES)

(1) Udaya bhaava—Maturing of *karmas* to the stage of fruition. For example a seed has grown into a tree and come to the stage of giving fruits. (1) *Udaya nishpanna bhaava*—Genuses like human, animal etc.

(2) Upasham bhaava—In spite of being in existence the *karmas* do not come to fruition, they remain dormant. For example a cinder covered with ash or water with settled impurities. (2) *Upasham nishpanna bhaava*—The passions like anger remain in pacified state.

(3) Kshaya Bhaava—Complete destruction of four vitiating *karmas* or all the eight *karmas*. For example water becomes clean by removing all impurities. All the *karmas* in form of sprouts are burnt to ash. (3) *Kshaya nishpanna bhaava*—Attainment of the state of *Arihant* and *Siddha*.

(4) Kshayopasham bhaava—The destruction of *karmas* coming to fruition and pacification of non-fruiting *karmas*. For example one part of the water is absolutely pure and another appears clean due to settled impurities. (4) *Kshayopasham nishpanna bhaava*—For example Acharya Hemchandra could write vast literature because of the extreme destruction-cum-pacification of *Shrut jnanavaran karma*.

(5) Parinamik—To undergo transformation every moment. It has two kinds—(i) *Sadi-parinamik* like tree, hill, clouds, jaggery, butter, etc. (ii) *Anadi-parinamik* like universe, space, etc.

—Sutra : 235-259

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

inspired or caused by fruition or precipitation, pacification, etc. of *karmas* is called *bhaava*, which are of six kinds—

(1) Audayik-bhaava (culminated state)—To experience the fruits or consequences of the maturing or precipitating of *karmas* (the eight kinds including *Jnananvaraniya* or knowledge obscuring) from their dormant state is called *udaya* or *culmination*. The state caused by this culmination is called *audayik-bhaava* (culminated state). A worldly being or soul continuously experiences the culmination or precipitation of *karmas*. States like human beings, hell-beings are culminated states.

(2) Aupashamik-bhaava (pacified state)—The state where the *karmas* are not active, although they exist, is called *Upasham*. In other words the energy of *karmas* attached to a soul is in a dormant and not active state. In this state *karmas* remain pacified and partial or complete fruition does not take place. Like a cinder covered in ash, *karmas* do not precipitate or come into action but they still exist. As when dissolved impurities precipitate and settle down, water appears clean and pure. This pacified state is called *Aupashamik-bhaava* (pacified state). It is with a beginning as well as an end.

Of the eight *karmas* the four non-vitiating ones cannot be pacified. For example the age determining *karma* is always active or in state of fruition. As pleasure or pain the *Vedaniya karma* is also always active. Of the vitiating *karmas Jnanavaraniya, Darshanavaraniya* and *Antaraya* also cannot be pacified. Only *Mohaniya karmas* can be pacified because its consequences are intense and maligning.

The suffering caused by pacified or less potent *karmas* is called *pradeshodaya* or partial fruition and that caused by potent *karmas* is called *vipakodaya* or mature fruition.

(3) Kshayik-bhaava (extinct state)—The destruction of *karma* is called *kshaya*. The state produced by destruction of karma is called *Kshayik-bhaava*. It is also with a beginning as well as an end. For example Arihant and Siddha states of a being.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(4) Kshayopashamik-bhaava (state of extinction-cum-pacification)—Destruction-cum-pacification of *karmas* is called *kshayopasham.* The state produced by destruction-cum-pacification is called *Kshayopashamik-bhaava*. This state is like a fire partly live and partly extinguished. In this state the *karma* particles attaining maturity get destroyed and those still dormant get pacified.

This has two categories—(1) To diffuse the mature *karma* particles that are about to come to fruition. (2) To reduce the potency of *karma* particles. The process of extinction-cum-pacification is applicable only to vitiating *karmas* and not non-vitiating *karmas*. The vitiating *karmas* only obscure and distort the four basic attributes of soul (Knowledge, perception, etc.) they cannot completely destroy these. That is why they can have extinction-cum-pacification.

(5) Parinamik-bhaava (transformed state)—*Parinam* means to get transformed into new modes. This is of two kinds—natural and enforced. This transformed state is called *Parinamik-bhaava*. In other words that which causes modal changes only and not basic changes in a thing is called *Parinamik-bhaava*.

(6) Sannipatik-bhaava (mixed state)—The combination of any two or more of the aforesaid states is called *sannipat*. This combination is called *Sannipatik-bhaava*. More details of these states will be discussed in following aphorisms.

(१) औदयिक भाव

२३४. से किं तं उदए ?

उदए दुविहे पण्णत्ते। तं जहा–(१) उदए य, (२) उदयनिप्फण्णे य।

२३४. (प्रश्न) औदयिकभाव क्या है ?

(उत्तर) औदयकिभाव दो प्रकार का कहा है–(१) उदय, और (२) उदयनिष्पन्न।

(1) AUDAYIK BHAVA

234. (Question) What is this *Audayik-bhaava* (culminated state) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Answer) *Audayik-bhaava* (culminated state) is of two types—(1) *Udaya* and (2) *Udayanishpanna.*

२३५. से किं तं उदए ?

उदए अट्ठण्हं कम्मपगडीणं उदएणं।

२३५. (प्रश्न) उदय क्या है ?

(उत्तर) ज्ञानावरणादिक आठ कर्मप्रकृतियों का उदय होता है। उदय से होने वाला औदयिकभाव है।

235. (Question) What is this *Udaya* (culmination) ?

(Answer) *Jnanavaran* and other seven natures of *karma* undergo fruition. The state produced by this fruition is called *Audayik-bhaava.*

२३६. से किं तं उदयनिप्फण्णे ?

उदयनिप्फण्णे दुविहे पण्णत्ते। तं जहा-(१) जीवोदयनिप्फन्ने य, (२) अजीवोदयनिप्फन्ने य।

२३६. (प्रश्न) उदयनिष्पन्न औदयिकभाव क्या है ?

(उत्तर) उदय निष्पन्न औदयिकभाव के दो प्रकार हैं-(१) जीवोदयनिष्पन्न, (२) अजीवोदयनिष्पन्न।

236. (Question) What is this *Udayanishpanna Audayik-bhaava* (culminated state caused by fruition) ?

(Answer) *Udayanishpanna Audayik-bhaava* (culminated state caused by fruition) is of two types—(1) *Jivodaya-nishpanna* (culminated state manifesting directly in soul) and (2) *Ajivodaya-nishpanna* (culminated state caused by non-being).

विवेचन-ये तीन सूत्र औदयिकभाव निरूपण की भूमिका हैं। ज्ञानावरणादि आठ कर्मों का उदय और कर्मों के उदय से होने वाला भाव-अवस्थाएँ-पर्याय औदयिकभाव है जो उदय में आकर किसी अन्य पर्याय को जन्म देता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदयनिष्पन्न के जीवोदयनिष्पन्न और अजीवोदयनिष्पन्न भेद मानने का कारण यह है कि कर्मोदयजन्य जो अवस्थाएँ साक्षात् जीव को प्रभावित करती हैं अथवा कर्म के उदय से जो पर्यायें जीव में निष्पन्न होती हैं, वे जीवोदयनिष्पन्न और अजीव अर्थात् पुद्गल के योग से जीव में जिन अवस्थाओं का उदय होता है, वे अजीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव हैं।

Elaboration—These three aphorisms give outline of *Audayik-bhaava* (culminated state). The fruition of *karmas* (*Jnanavaraniya*, etc.) and the states or modes caused by this fruition are called *Audayik-bhaava* (culminated state) which on fruition give rise to some other mode.

The two categories of *Udayanishpanna Audayik-bhaava* (culminated state caused by fruition), namely *Jivodaya-nishpanna* and *Ajivodaya-nishpanna* are explained as—the conditions caused by fruition of *karma* directly influencing soul are called *Jivodaya-nishpanna*. In other words the modes manifested in soul due to fruition of *karmas* is called *Jivodaya-nishpanna*. The modes manifested in soul due to its contact with matter or non-being are called *Ajivodaya-nishpanna Audayik-bhaava* (culminated state caused by non-being).

जीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव का स्वरूप

२३७. से किं तं जीवोदयनिप्फन्ने ?

जीवोदयनिप्फन्ने अणेगविहे पण्णत्ते। तं जहा—णेरइए तिरिक्खजोणिए मणुस्से देवे, पुढविकाइए जाव वणस्सइकाइए, तसकाइए, कोहकसायी जाव लोहकसायी, इत्थीवेदए पुरिसवेदए णपुंसगवेदए, कण्हलेसे एवं नील. काउ. तेउ. पम्ह. सुक्कलेसे, मिच्छादिट्ठी अविरए अण्णाणी आहारए छउमत्थे सजोगी संसारत्थे असिद्धे। से तं जीवोदयनिप्फन्ने।

२३७. (प्रश्न) जीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव क्या है?

(उत्तर) जीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव अनेक प्रकार का है। यथा—नैरयिक, तिर्यंचयोनिक, मनुष्य, देव, पृथ्वीकायिक यावत् वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक, क्रोधकषायी यावत् लोभकषायी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, कृष्णलेश्यी,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नील-कापोत-तेज-पद्म-शुक्ललेश्यी, मिथ्यादृष्टि, अविरत, अज्ञानी, आहारक, छद्मस्थ, सयोगी, संसारस्थ, असिद्ध। यह जीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव है।

[ये आत्मशुद्धि के स्तरानुसार जीव के विभिन्न भावों के नाम हैं। प्रत्येक नाम की विस्तृत परिभाषा भाग-2 में परिशिष्ट में दी जा रही है।]

JIVODAYA-NISHPANNA AUDAYIK-BHAAVA

237. (Question) What is this *Jivodaya-nishpanna Audayik-bhaava* (culminated state manifesting directly in soul)?

(Answer) Jivodaya-nishpanna Audayik-bhaava (culminated state manifesting directly in soul) is of many types—*Nairayik, Tiryanch-yonik, Manushya, Deva, Prithvikiyik to Vanaspatikayik, Traskayik, Krodh-kashayi to Lobh-kashayi, Stri-vedi, Purush-vedi, Napumsak-vedi, Krishna-leshyi, Neel-Kapot-Teja-Padma-Shukla-leshyi, Mithydrishti, Avirat, Ajnani, Aharak, Chhadmasth, Sayogi, Samsarasth, Asiddha*, etc.

[These are names of various states (in terms of disposition and attitude) of a being based on levels of purity of soul. Detailed description of these names is given in appendix in vol-2]

This concludes the description of Jivodaya-nishpanna Audayik-bhaava.

अजीवोदयनिष्पन्न औदयिकभाव का स्वरूप

२३८. से किं तम अजीवोदयनिप्फन्ने ?

(उत्तर) (१) श्यामा (षोडशी) स्त्री मधुर स्वर में गीत गाती है, (२) काली स्त्री खर (परुष) और रूक्ष स्वर में गाती है, (३) गौरवर्णा स्त्री चतुराई से गीत गाती है, (४) कानी स्त्री विलम्बित (मंद) स्वर में गाती है, (५) अंधी स्त्री शीघ्रता से गाती है, और ६) पिंगला (कपिला) विकृत स्वर में गाती है॥५४/५५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

TYPES OF SINGER

260. (Question 11-a) (1) What sort of woman sings in sweet tone ? (2) What sort of woman sings in rough and harsh tone ? (3) What sort of woman sings with skill ? (4) What sort of woman sings in slow rhythm ? (5) What sort of woman sings in quick rhythm ? (6) What sort of woman sings out of tune ?

(Answer) (1) A young woman sings in sweet tone ? (2) A woman with dark complexion sings in rough and harsh tone ? (3) A woman with fair complexion sings with skill ? (4) A one-eyed woman sings in slow rhythm ? (5) A blind woman sings in quick rhythm? (6) A woman with pale or tawny complexion sings out of tune ? (54-55)

उपसंहार

(११. ख) सत्त सरा तओ गामा मुच्छणा एक्कवीसई।

ताणा एगूणपण्णासं सम्मत्तं सरमंडलं॥५६॥ से तं सत्तनामे ॥

(२६०. ११–ख) इस प्रकार सात स्वर, तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनायें होती हैं। प्रत्येक स्वर सात तानों से गाया जाता है, इसलिए उनके (७ × ७ = ४९) उनपचास भेद हो जाते हैं। इस प्रकार स्वरमण्डल का वर्णन समाप्त हुआ॥५६॥

सप्तनाम की वक्तव्यता भी समाप्त हुई।

CONCLUSION

260. (11-b) Thus there are seven *svars* (musical notes), three *grams* (scales), and twenty one *murcchanas* (modulations). Each *svar* (musical note) is sung with seven tones making a total of 49 tones. This concludes the description of the sphere of *svars* (musical notes).

This concludes the description of *Saat nama* (Seven-named).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विभक्ति प्रकरण
THE DISCUSSION ON DECLENSION

२६१. (१) से किं तं अट्ठनामे ?

अट्ठनामे अट्ठविहा वयणविभत्ती पण्णत्ता। तं जहा–

(१) निद्देसे पढमा होति, (२) बितिया उवएसणे।

(३) तइया करणम्मि कया, (४) चउत्थी संपयावणे॥५७॥

(५) पंचमी य अपायाणे, (६) छट्ठी सस्सामिवायणे।

(७) सत्तमी सन्निहणत्थे, (८) अट्ठमाऽऽमंतणी भवे॥५८॥

२६१. (प्रश्न १) वह अष्टनाम क्या है ?

(उत्तर) आठ प्रकार की वचन विभक्तियों को अष्टनाम कहते हैं। वचनविभक्ति के वे आठ प्रकार यह हैं–

(१) निर्देश–अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है।

(२) उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है।

(३) क्रिया के साधकतम करण में तृतीया विभक्ति,

(४) सम्प्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है।

(५) अपादान (पृथक्ता) बताने के अर्थ में पंचमी विभक्ति,

(६) स्व–स्वामित्वकथन करने के अर्थ में षष्ठी विभक्ति।

(७) सन्निधान (आधार) का कथन करने के अर्थ में सप्तमी विभक्ति, तथा

(८) आमंत्रण के अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है॥५७, ५८॥

261. (Question 1) What is this *Aath nama* (Eight-named) ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(Answer) The eight kinds of *vachan-vibhaktis* (inflections or case-endings) of words (in Sanskrit grammar) are called *Aath nama* (Eight-named). These *vachan-vibhaktis* (case-endings) are as follows—

(1) The first *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for indication (*nirdesh*) of the meaning of the word including its gender and number. (Nominative case)

(2) The second *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for advice (*upadesh*). (Accusative case)

(3) The third *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for instrument (*karan*). (Instrumental case)

(4) The fourth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for recipient (*sampradan*). (*Dative case*)

(5) The fifth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used for the object from which something is separated (*apadan*). (*Ablative* case)

(6) The sixth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used to indicate the relation of one's ownership (*sva-svamitva*). (Genitive case)

(7) The seventh *vachan-vibhakti* (case-ending) is used to mean the receptacle of something (*sannidhan*). (Vocative case)

(8) The eighth *vachan-vibhakti* (case-ending) is used in addressing (*amantran*) someone. (57-58)

आठ विभक्तियों के उदाहरण–

(२) तत्थ पढमा विभत्ती निद्देसे सो इमो अहं व त्ति १।
बितिया पुण उवदेसे भण कुणसु इमं व तं व त्ति २ ॥५९॥
ततिया करणम्मि कया भणियं व कयं व तेण व मए वा ३।
हंदि णमो साहाए हवति चउत्थी पयाणम्मि ४ ॥६०॥
अवणय गिण्ह य एत्तो इतो त्ति वा पंचमी अपायाणे ५।
छट्ठी तस्स इमस्स व गयस्स वा सामिसंबंधे ६ ॥६१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हवति पुण सत्तमी तं इमम्मि आधार काल भावे य ७।
आमंतणी भवे अट्ठमी उ जह हे जुवाण ! त्ति ८॥६२॥

से तं अट्ठणामे।

२६१. (२) (१) निर्देश में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे–**सो**–वह, **इमा**–यह अथवा **अहं**–मैं।

(२) उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है।–जैसे **इमं भण**–इसको कहो, **तं कुणसु**–वह करो आदि।

(३) करण में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे–**तेण भणियं** उसके द्वारा कहा गया अथवा **मए कयं**–मेरे द्वारा किया गया।

(४) सम्प्रदान, (हंदि) नमः तथा स्वाहा अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे **विप्राय गां ददाति**–ब्राह्मण को (के लिए) गाय देता है। **नमो जिनाय**–जिनेश्वर के लिए मेरा नमस्कार हो। **अग्नये स्वाहा**–अग्नि देवता को हवि दिया जाता है।

(५) अपादान में पंचमी होती है। जैसे–**एत्तो अपणय**–यहाँ से दूर करो अथवा **इतो गिण्ह**–इससे ले लो।

(६) स्व-स्वामी सम्बन्ध बतलाने में षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे–**तस्स इमे वत्थु**–उसकी अथवा इसकी यह वस्तु है।

(७) आधार, काल और भाव में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे **इमम्मि**–(वह) इसमें है।

(८) आमंत्रण अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है। जैसे–**हे जुवाण**–हे युवक ! ॥५९-६२॥

यह आठ विभक्तिरूप अष्टनाम का वर्णन है।

EXAMPLES OF EIGHT VIBHAKTIS

261. (2) (1) The example of the first *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of indication (nirdesh) is *so* (he), *imo* (this person), or *aham* (I). (Nominative case)

(2) The example of the second *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of advice (*upadesh*) is *imam bhan* (speak this), *tam kunasu* (do that). (Accusative case)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) The example of the third *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of instrument (*karan*) is *tena bhaniyam* (was spoken by him) or *maye kayam* (was done by me). (Instrumental case)

(**Note :** This is apparently a case of third case-ending in nominative sense. But if the preceptor is the ultimate doer, his disciples are the instruments in learning the scriptures or doing some work ordered by the preceptor. In this way this becomes instrumental.)

(4) The example of the fourth *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of recipient (*sampradan*) is in the form of *namah* and *svaha* (obeisance and oblation) and the examples are *viprayam gam dadati* (gives cow to the Brahmin); *Namo Jinaya* (I offer obeisance to the *Jina*); and *agnayee svaha* (oblations are offered to the fire god). (Dative case)

(5) The example of the fifth *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of the object from which something is separated (*apadan*) is *etto apanaya* (take away from here) or *ito ginha* (snatch from him). (Ablative case)

(6) The example of the sixth *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of indicating the relation of one's ownership (*sva-svamitva*) is *tassa ime vastu* (this thing belongs to him or this person). (Genitive case)

(7) The example of the seventh *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of the receptacle of something (*sannidhan*) is *imammi* (that thing is in this). (Vocative case)

(8) The example of the eighth *vachan-vibhakti* (case-ending) in the sense of addressing (*amantran*) someone is *Hay juvan* (Oh ! young man). (59-62)

This concludes the description of *Aath nama* (Eight-named).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–वस्तु का कथन करने वाले पद को 'वचन' कहा जाता है। कर्ता, कर्म, करण आदि के रूप में उसके अलग-अलग भेद करना विभक्ति है। यह वचनों का भेद–'वचन विभक्ति' कही जाती है। नाम से आगे लगने वाली आठ विभक्तियाँ हैं।

प्राचीन व्याकरण के अनुसार 'सम्बोधन' को आठवीं विभक्ति माना गया है। नव्य व्याकरण नियमों के अनुसार सम्बोधन को 'प्रथमा' पहली विभक्ति में सम्मिलित कर लिया है। इसे 'प्रथमा' विभक्ति कहते हैं।

(१) **निर्देश**–'यह' 'वह' आदि क्रिया के कर्ता का उल्लेख करना।

(२) **उपदेश**–क्रिया में प्रवृत्ति की प्रेरणा देना। इसे कर्म या द्वितीया विभक्ति कहते हैं।

(३) **करण**–क्रिया करने में साधक कारण व तृतीया विभक्ति है।

(४) **सम्प्रदान**–निमित्त जिसके लिए या जिसको दिया जाय वह निमित्त या सम्प्रदान चतुर्थी विभक्ति है।

(५) **अपादान**–एक वस्तु को दूसरी वस्तु से अलग करना। जैसे–'से'। यह पंचमी विभक्ति है।

(६) **स्व–स्वामि सम्बन्ध**–'स्व' और 'स्वामि' का परस्पर सम्बन्ध जोड़ना। इसे षष्ठी विभक्ति कहते हैं।

(७) **सन्निधान**–आधार या अधिकरण। यह सप्तमी विभक्ति है।

(८) **आमंत्रणी**–किसी को पुकारना, सम्बोधित करना।

Elaboration : The combination of syllables that represents a thing is called word. To put it into various grammatical categories of subject, object, instruments, etc. is called declension (*Vibhakti*). It is reflected in eight inflectional terminations or case-endings.

Accodring to ancient Sanskrit grammar *sambodhan* (address) is said to be the eighth inflection. In new Sanskrit grammar rules it is taken as the first. The eight inflections are as follows :

(1) Nirdesh (Nominative Case)—Indicates the subject of the verb or pronoun in a sentence. This is the first case-ending.

(2) Updesh (Accusative Case)—Inspires indulgence in activities. This is the second case-ending.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(3) Karan (Instrumental Case)—Instrument in an activity. This is the third case-ending.

(4) Sampradan (Dative Case)—The recipient or the object of an activity. To whom or for whom something is given. This is the fourth case-ending.

(5) Apadan (Ablative Case)—Separating a thing from another, for example *'se'* (from). This is the fifth case-ending.

(6) Sva-svamitva sambandh (Genetive Case)—Establishing relation between self and the owner. This is the sixth case-ending.

(7) Sannidhan (Vocative Case)—Receptacle of something. This is the seventh case-ending.

(8) Amantrani (address)—To call or address someone. This is the eight case-ending.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवरस प्रकरण
THE DISCUSSION ON NINE-SENTIMENTS

नवनाम : काव्य–रस प्रकरण

२६२. (१) से किं तं नवनामे ?

नवनामे णव कव्वरसा पण्णत्ता। तं जहा–

(१) वीरो, (२) सिंगारो, (३) अब्भुओ य, (४) रोद्दो य होइ बोधव्वो।

(५) वेलणओ, (६) बीभच्छो, (७) हासो, (८) कलुणो, (९) पसंतो य॥६३॥

२६२. (प्रश्न १) नवनाम का क्या स्वरूप है ?

(उत्तर) काव्य के नौ रस नवनाम कहलाते हैं। जिनके नाम हैं–

(१) वीररस, (२) शृंगाररस, (३) अद्‌भुतरस, (४) रौद्ररस, (५) व्रीडनकरस, (६) बीभत्सरस, (७) हास्यरस, (८) करुणरस, और (९) प्रशांतरस; ये नवरसों के नाम हैं।॥६३॥

NO NAMA

262. (Question 1) What is this *No nama* (Nine-named)?

(Answer) The *nine rasas* (sentiments) of poetry are called *No nama* (Nine-named). They are—

(1) *Vira-rasa* (heroic sentiment), (2) *Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment), (3) *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder), (4) *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury), (5) *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness), (6) *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust), (7) *Hasya-rasa (sentiment of humour or comic sentiment), (8) Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment of), and (9) *Prashant-rasa* (sentiment of serenity). (63)

विवेचन—नाटक आदि के नव रस इस प्रकार हैं–शृंगार, हास्य., करुणा, रौद्र–वीर–भयानक–बीभत्स–अद्‌भत और शान्त रस।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काव्य के 'रस' बताने से पहले टीकाकारों ने काव्य का अर्थ करते हुए कहा है—**कवेरभिप्रायः काव्यं**—कवि के कर्म, अभिप्राय या भाव को काव्य कहा जाता है। **रस्यन्ते अन्तरात्मनाऽनुभूयन्ते इति रसाः**—जो अन्तरात्मा के द्वारा अनुभव किये जाते हैं, किसी उक्ति, पद आदि को सुनने या दृश्य को देखने से हृदय में जो भिन्न प्रकार के भाव उत्पन्न होते हैं, उन भावों की अनुभूति अथवा उत्कर्ष–उद्रेक, रस है। काव्य शास्त्र के अनुसार स्थायीभाव जब विभाव, अनुभाव तथा संचारी भावों से परिपक्व होकर देखने, सुनने, पढ़ने वाले के हृदय को तरंगित/भव विभोर कर देते हैं तब वे 'रस' कहलाते हैं। आचार्य हरिभद्र ने चित्त की वृत्तियों को भी रस कहा है। जैसे वेदनीय कर्म के दो रस होते हैं, सुख और दुःख। इसी प्रकार काव्य के भी रस होते हैं।

प्राचीन काल से काव्य के नो रसों की ही मान्यता है। काव्यानुशासन में नो रसों का ही उल्लेख है। इसके पश्चात्वर्ती काल में 'वात्सल्य' और 'भक्ति' दो रसों को जोड़कर ग्यारह रस मानने की चर्चा भी मिलती है। काव्य शास्त्र में और प्रस्तुत आगम में रसों के नामों में कुछ भिन्नता है। जैसे कहा गया है–

शृंगार-हास्य-करुणा-रौद्र-वीर-भयानकाः।
बीभत्सादूभुत शान्ताश्च नव नाट्ये रसाः स्मृताः।।

जैन आचार्यों ने 'भयानक रस' के स्थान पर 'व्रीडनक रस–लज्जारस तथा शान्त रस के स्थान पर 'प्रशान्त रस' यह नाम परिवर्तन किया है। आचार्य मलयगिरि के कथनानुसार भयानक रस का अन्तर्भाव रौद्र रस में कर दिया गया है। काव्य शास्त्र में, व्रीडनकरस को स्वीकार नहीं किया है। आगे सूत्रों में नवरसों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक वर्णन है।

Elaboration—The nine sentiments in drama or other literary works are—*Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment), *Hasya-rasa* (sentiment of humour or comic sentiment), *Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment), *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury), *Vira-rasa* (heroic sentiment), *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror), *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust), *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder), and *Shant-rasa* (sentiment of tranquillity).

Before stating the sentiments of poetry the commentators have defined poetry as—the work, intention, or feeling of a poet is called poetry. After that they define *rasa* (sentiment) as that which is experienced by inner-self. The act of experiencing, or enhancement in intensity of, the variety of feelings aroused by listening to some comment, poetic composition, or other statement or by looking at something is called *rasa* (sentiment). According to poetics when expressions; maturing with feelings, gestures, and moods; excite the observer, listener, or reader they

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

are called *rasas* (sentiments). Acharya Haribhadra has also included attitudes of mind in *rasas* (sentiments). As *vedaniya karma* (*karma* that causes feelings of happiness or misery) has two *rasas* (sentiments) of happiness and misery, in the same way poetry has nine *rasas* (sentiments).

Since ancient times it is believed that in poetics and rhetoric there are nine *rasas* (sentiments). *Kavyanushasana* too has a mention of nine *rasas* (sentiments). In later works there are mentions of eleven *rasas* (sentiments) also. It appears that at some point of time *Vatsalya* (parents' love towards progeny) and *Bhakti* (devotion) were also included. There is a slight difference in the lists of *rasas* (sentiments) found in works on poetics and this Agam.

Comparing the two we find that Jain *acharyas* have replaced *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror) with *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness) and *Shant-rasa* (sentiment of tranquillity) with *Prashant-rasa* (sentiment of profound serenity). According to *acharya* Malayagiri *Bhayanak-rasa* (sentiment of fear or horror) has been assimilated into *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury). However, in poetics *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness) is not accepted as a *rasa* (sentiment). Details of these nine *rasas* (sentiments) will be discussed now.

१. वीररस

(२) तत्थ (१) परिच्चायम्मि य, (२) तव–चरणे, (३) सत्तुजणविणासे य।

अणणुसय–धिति–परक्कमचिण्हो वीरो रसो होइ॥६४॥

२६२. (२) इन नव रसों में (१) परित्याग (दान) करने में अननुशय-गर्व या पश्चात्ताप न होना, (२) तपश्चरण में धृति-धैर्य, और (३) शत्रुओं का विनाश करने में पराक्रम ये तीन वीर रस के लक्षण हैं।॥६४॥

वीरो रसो जहा–

सो णाम महावीरो जो रज्जं पयहिऊण पव्वइओ।

काम–क्कोहमहासत्तुपक्खनिग्घायणं कुणइ॥६५॥

वीररस का बोधक उदाहरण इस प्रकार है–

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो राज्य–वैभव का परित्याग करके दीक्षित हो गया है और दीक्षित होकर काम–क्रोध आदि महाशत्रुओं का निग्रह करता है–उनका दमन तथा विनाश करता है, वह महावीर है।।६५॥

1. VIRA-RASA

262. (2) Of these (nine *rasas*) the characteristics of *Vira-rasa* (heroic sentiment) are (1) absence of pride or repentance in giving charity, (2) patience and perseverance in austerities, and (3) valour in destroying enemies. (64)

The example of *Vira-rasa* (heroic sentiment) is—

He indeed is a great hero (*mahavir*) who, after renouncing his kingdom and becoming an ascetic, subdues and destroys great enemies like lust and anger. (65)

२. *शृंगाररस*

(३) सिंगारो नाम रसो रतिसंजोगाभिलाससंजणणो।

मंडण–विलास–विब्बोय–हास–लीला–रमणलिंगो।।६६॥

२६२. (३) रति और संयोग (मिलन) की अभिलाषा से शृंगार रस उत्पन्न होता है। मंडन (अलंकार), विलास (कामोत्तजक चेष्टाएँ) तथा विब्बोक (काम क्रीड़ा की प्रवृत्ति) हास्य, लीला और रमण ये सभी शृंगाररस के लक्षण हैं।।६६।।

सिंगारो रसो जहा–

महुरं विलासललियं हिययुम्मादणकरं जुवाणाणं।

सामा सद्दुद्दामं दाएती मेहलादामं॥६७॥

शृंगाररस का उदाहरण है–

कोई मनोहर श्यामा (सोलह वर्ष की तरुणी) मधुर विलास से ललित, युवकों के हृदय को उन्मत्त करने वाले अपने घुँघरू के शब्दों से मुखर मेखला सूत्र का प्रदर्शन करती है॥६५॥

2. SHRINGAR-RASA

262. (3) The *Shringar-rasa* (amatory or erotic sentiment) is born out of indulgence and the desire for union with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

objects of enjoyment. Its characteristics are adornment (with ornaments etc.), erotic gestures, indulgence in the sexual act, laughter, merriment, and amorous dalliance. (66)

The example of *Shringar-rasa* is—

A dark beauty displays her girdle with the sweet and charming sound of its jingling bells (produced with her inviting movements) to evoke passion in the hearts of young men and excite them. (67)

३. अद्‌भुतरस

(४) विम्हयकरो अपुव्वो वऽ भूयपुव्वो व जो रसो होइ।

सो हरिस-विसायुप्पत्तिलक्खणो अब्भुतो नाम॥६८॥

२६२. (४) जिसका कभी पहले अनुभव नहीं किया ऐसा (अभूतपूर्व) तथा विस्मयकारी-आश्चर्यकारक जो 'रस'-भाव उत्पन्न होता है, वह अद्‌भुत रस है। हर्ष और विषाद की उत्पत्ति अद्‌भुतरस का लक्षण है॥६८॥ जैसे-

अब्भुओ रसो जहा-

अब्भुयतरमिह एत्तो अन्नं किं अत्थि जीवलोगम्मि।

जं जिणवयणेणऽत्था तिकालजुत्ता वि णज्जंति ! ॥६९॥

अद्‌भुत रस का उदाहरण-इस जीवलोक में इससे बढ़कर अद्‌भुत और आश्चर्यकारक क्या हो सकता है कि जिनवचन के द्वारा त्रिकाल सम्बन्धी समस्त भाव जान लिए जाते हैं॥६९॥

3. ADBHUT-RASA

262. (4) The *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder) is that which causes surprise of novelty (that which was never experienced before). It is characterized by rising of joy and sorrow. (68)

The example of *Adbhut-rasa* (sentiment of wonder) is—

What else could produce greater wonderment than the fact that in the words of the *Jina* are revealed all the objects and states of all the three sections of time (past, present, and future). (69)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आकृति से नवरसों की पहचान RECOGNITION OF NINE RASAS (QUALITIES) FROM THOUGHT-ACTIVITY

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १८

Illustration No. 18

आकृति से नव रसों की पहचान

(१) वीरस रस–दृढ़ता, साहसिकता, धीरता, पराक्रमशीलता आदि भाव वीर रस का लक्षण है।

(२) शृंगार रस–विभूषा, विलास आदि भावों से शृंगार रस की पहचान होती है।

(३) अद्‌भुत रस–नई अद्‌भुत और आश्चर्यजनक वस्तु देखने, सुनने से अद्‌भुत रस की प्रतीति होती है।

(४) रौद्र रस–भयोत्पादक दृश्यों आदि से मन में भय व घृणा का भाव जगना।

(५) व्रीड़नक रस–लज्जा, अपमान व मर्यादा भंग होने पर मन में संकोच का भाव जगना।

(६) बीभत्स रस–घृणास्पद अशुचि पदार्थों के देखने–सुनने से जुगुप्सा भाव पैदा होना।

(७) हास्य रस–विचित्र दृश्य–श्रव्य के कारण विस्मय तथा हँसी आना।

(८) करुण रस–किसी स्नेही आदि के वियोग से मन में शोक, रुदन आदि की अनुभूति।

(९) शान्त रस–इन्द्रिय–संयम व निर्विकार मन युक्त एकाग्रता व शान्ति व समाधि की अनुभूति।

–सूत्र २६२

RECOGNIZING NINE SENTIMENTS FROM APPEARANCES

(1) Vira-rasa—Awakening of the emotions of firmness, bravery, patience, valour etc. is the characteristic of this rasa.

(2) Shringar-rasa—Its characteristics are adornment (with ornaments etc.), erotic gestures, etc.

(3) Adbhut-rasa—It is experienced by seeing and hearing about new, strange, and astonishing things.

(4) Raudra-rasa—It is evoked by thinking and talking about horrendous forms, etc. It is characterized by emotions of fear and revulsion.

(5) Vridanak-rasa—It has its origin in acts of shame, insult, transgressing codes of modest behaviour. It is characterized by shame and apprehension.

(6) Vibhatsa-rasa—It is caused by looking at and smelling the stench of filthy things. It is characterized by feeling of disgust.

(7) Hasya-rasa—It is inspired by paradox or bizarreness. It produces surprise and laughter.

(8) Karun-rasa—It is caused by separation from the beloved. It is characterized by sorrow, lamenting, etc.

(9) Prashant-rasa—It is the experience of tranquillity and inner peace (*samadhi*) with discipline over senses, unblemished mind, and complete concentration.

—*Sutra : 262*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. रौद्ररस

(५) भयजणणरूव–सद्दंधकार–चिंता–कहासमुप्पन्नो।

सम्मोह–संभम–विसाय–मरणलिंगो रसो रोद्दो॥७०॥

(२६२–५) भयंकर रूप, शब्द अथवा अंधकार के चिन्तन और कथन, दर्शन आदि से रौद्ररस उत्पन्न होता है। संमोह (विवेक शून्यता), संभ्रम (व्याकुलता), विषाद (खेद) एवं मरण उसके लक्षण हैं।।७०।।

रोद्दो रसो जहा–

भिउडीविडंबियमुहा ! संदट्ठोट्ठ ! इय रुहिरमोकिण्णा !

हणसि पसुं असुरणिभा ! भीमरसिय ! अतिरोद्द ! रोद्दोऽसि॥७१॥

रौद्र रस का उदाहरण–भृकुटियाँ ऊपर चढ़ने से तेरा मुख विकराल बन गया है, तेरे दाँत होठों को चबा रहे हैं, तेरा शरीर खून से लथपथ हो रहा है, तेरे मुख से भयानक–भयोत्पादक शब्द निकल रहे हैं, जिससे तू राक्षस जैसा डरावना हो गया है। तू पशुओं की हत्या कर रहा है। इसलिए अतिशय रौद्ररूपधारी तू साक्षात रौद्ररस है।।७१।।

4. RAUDRA-RASA

262. (5) The *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury) is evoked by thinking and talking about horrendous forms, sounds, and darkness and witnessing these. It is characterized by perplexity, alarm, sorrow, and death. (70)

The example of *Raudra-rasa* (sentiment of rage or fury) is—

Raised eye-brows have made your face hideous, you are biting your lips, your body is drenched in blood and you are producing fearsome sound. All this makes you awesome like a demon. You are killing animals. Thus O extremely horrendous one, you are fury (*Raudra-rasa*) personified. (71)

५. व्रीडनकरस

(६) विणयोवयार–गुज्झ–गुरुदार–मेरावतिक्कमुप्पण्णो।

वेलणओ नाम रसो लज्जा–संकाकरणलिंगो॥७२।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६२. (६) (१) विनयोपचार–विनय करने से, (२) गुप्त रहस्यों को प्रकट करने से, तथा (३) गुरुपत्नी आदि के समक्ष मर्यादा का उल्लंघन करने से व्रीडनकरस उत्पन्न होता है। लज्जा और शंका इस रस के लक्षण हैं।।।७२।।

वेलणओ रसो जहा–

किं लोइयकरणीओ लज्जणियतरं ति लज्जिया मोत्ति।
वारिज्जम्मि गुरुजणो परिवंदइ जं वहूपोत्तिं॥७३॥

व्रीडनकरस का उदाहरण–(कोई नव वधू कहती है–) इस लौकिक व्यवहार से अधिक लज्जास्पद और क्या बात हो सकती है–मैं तो इससे बहुत लजाती हूँ–कि वर–वधू का प्रथम समागम होने पर गुरुजन–सास आदि वधू द्वारा पहने वस्त्र की प्रशंसा करते हैं।।७३।।

5. VRIDANAK-RASA

262. (6) The *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness) has its origin in (1) observing modest behaviour, (2) revealing secrets, and (3) transgressing codes of modest behaviour before wives of guru and other respectable persons. It is characterized by shame and apprehension. (72)

The example of *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness) is—

Is there anything more shameful than this popular practice of the elders commending the garments worn by a bride on the night of consummation of her marriage. I feel so ashamed ! (73)

विवेचन—लोक मर्यादा तथा आचार मर्यादा के उल्लंघन से व्रीड़नक रस की उत्पत्ति होती है और लज्जा आना एवं आशंकित होना उसके लक्षण हैं। काम करने के बाद सिर झुक जाना, शरीर का संकुचित होना और दोष प्रकट न हो जाए इस आशंका से मन का दोलायमान–डांवा डोल बना रहना लज्जा है।

इस उदाहरण से पता चलता है कि किसी क्षेत्र या किसी काल में ऐसी रूढ़ि या लोकपरम्परा रही होगी कि नववधू को अक्षतयोनि सिद्ध करने के लिए सुहागरात के बाद उसके रक्तरंजित वस्त्रों का प्रदर्शन किया जाता था और कुल के वृद्ध जन उसे देखकर सन्तोष व्यक्त करते थे। इसलिए व्रीडनकरस में इसका उदाहरण दिया है।।७३॥ (हारि. वृत्ति. पृ. ३२४)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवरसों के उदाहरण (१)

EXAMPLES OF NINE RASAS (EXPERIENCES)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय १९

Illustration No. 19

नव रसों के उदाहरण
(अनुभूति प्रधान)

१. **वीर रस**–वास्तव में वीर वह है जिसने संसार-सुखों का त्यागकर काम, क्रोध आदि महाशत्रुओं का निग्रह किया है। जैसे भगवान महावीर ने समस्त वैभव त्यागकर दीक्षा ली। मनःसंयमी सच्चा वीर है।

२. **शृंगार रस**–सुन्दर युवतियों का नृत्य देखने, कमर व पाँवों में बँधे घुंघुरुओं की मधुर ध्वनि सुनने से विकारीभाव व विलासीभाव उत्पन्न होना शृंगार रस का उदाहरण है।

३. **अद्‌भुत रस**–अद्‌भुत और कठिन कार्य को देखकर विस्मित होना। भौतिक जगत् में जैसे किसी को बाँस की रस्सी पर हाथों व सिर पर कप-प्लेट रखकर एक चक्के वाली साइकिल चलाते देखकर दर्शकों को विस्मय होता है। आध्यात्मिक दृष्टि में–जिन वाणी सुनकर त्रिकालवर्ती तत्त्वों का ज्ञान हो जाना सबसे बड़ा आश्चर्य है।

४. **रौद्र रस**–किसी जीव की हिंसा/वध करते समय मुख पर अत्यन्त क्रूर भावों का उभरना, तथा पशुओं के रक्त-माँस से सने हाथ आदि देखने से रौद्र रस का परिपाक होता है।

EXAMPLES OF NINE RASAS
(EXPERIENCE BASED)

1. Vira-rasa—He indeed is a great hero (Mahavir) who, after renouncing mundane pleasures, subdues and destroys great enemies like lust and anger. True hero is he who has disciplined his mind.

2. Shringar-rasa—Rising of pervert emotions and passions by seeing dances of beautiful women, and hearing the sweet and charming sound of jingling bells tied to their waist and feet.

3. Adbhut-rasa—To be astonished by witnessing a strange and difficult act. The audience is astonished looking at an acrobat riding one wheeled cycle on a rope tied to two poles, taking cup-plates in hands and on head. From spiritual viewpoint the greatest wonder is the fact that in the words of the Jina are revealed all the objects and states of all the three periods of time. (69)

4. Raudra-rasa—Extremely cruel expressions appear on the face when someone kills or tortures an animal. The emotion further matures when he looks at his hands drenched in blood of that animal.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—Transgressing the code of social behaviour and religious conduct produces this sentiment; bashfulness and apprehension are its expressions. Shame produces a feeling of apprehension of an ungainly act getting revealed and is expressed by bowing of head and cringing of the body.

This example reveals that at some place or period the custom of displaying a bride's blood-splotched garments after her honeymoon as the proof of her pre-marital chastity was prevalent. The elders of the family expressed their contentment after this display. That is why this has been included as an example of *Vridanak-rasa* (sentiment of shame or bashfulness).

६. बीभत्सरस

(७) असुइ—कुणव—दुद्दंसणसंजोगब्भासगंधनिप्फण्णो।

निव्वेयऽविहिंसालक्खणो रसो होइ बीभत्सो ॥७४॥

२६२. (७) अशुचि—मल मूत्रादि, कुणप—शव, दुर्दर्शन—लार आदि से व्याप्त घृणित शरीर को बारंबार देखने तथा उसकी दुर्गंध से बीभत्सरस उत्पन्न होता है। निर्वेद, ग्लानि या उदासीनता और अविहिंसा (जीव हिंसा के प्रति अरुचि) बीभत्सरस के लक्षण हैं।।७४।।

बीभत्सो रसो जहा—

असुइमलभरियनिज्झर सभावदुग्गंधि सव्वकालं पि।

धण्णा उ सरीरकलिं बहुमलकलुसं विमुंचंति ॥७५॥

बीभत्सरस का उदाहरण—

अपवित्र मल से भरे हुए झरनों वाला सर्वकाल स्वभाव से दुर्गन्धयुक्त यह शरीर सर्व कलहों का मूल है। यह जानकर जो उसकी मूर्च्छा का त्याग करते हैं, वे धन्य हैं।।७५॥

6. VIBHATSA-RASA

262. (7) The *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust) is caused by repeatedly looking at and smelling the stench of filth (excreta etc.), corpse, or an obnoxious body covered with filth. It is characterize by feeling of detachment, disgust, and apathy for violence. (74)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The example of *Vibhatsa-rasa* (sentiment of disgust) is—

Blessed are the men who renounce their fond attachment with the body that abounds in streams filled with filth knowing that it has always been a source of stench and cause of all miseries. (75)

७. हास्यरस

(८) रूव–वय–वेस–भासाविवरीयविलंबणासमुप्पन्नो।

हासो मणप्पहासो पकासलिंगो रसो होति।।७६।।

२६२. (८) रूप–वय (अवस्था) वेष और भाषा की विपरीतता या विचित्रता से हास्य रस की उत्पत्ति होती है। हास्य रस मन को आह्लादित करने वाला है और मुख, नेत्र आदि का खिल जाना उसके लक्षण हैं।।७६।।

हासो रसो जहा–

पासुत्तमसीमंडियपडिबुद्धं देयरं पलोयंती।

ही ! जह थण–भर–कंपण–पणमियमज्झा हसति सामा।।७७।।

हास्य रस का उदाहरण–

स्तन–भार से नीचे झुकी हुई कटि वाली श्यामा स्त्री अपने सोये हुए देवर के मुख को काजल से पोत देती है और जब वह उठता है तब उसे ही देखकर हीं–हीं करती हुई हँसती है।।७७।।

7. HASYA-RASA

262. (8) The *Hasya-rasa* (sentiment of humour or comic sentiment) is inspired by paradox or bizarreness related to form, age, dress, and language. It produces joy and cheer and is characterized by brightening of the face and eyes. (76)

The example of Hasya-rasa (sentiment of humour or comic sentiment) is—

A dark complexioned woman, bent with the weight of her bosoms, smears lamp-black on the cheeks of the sleeping younger brother of her husband. When he wakes up she laughs loudly looking at his face. (77)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र परिचय २०

Illustration No. 20

५. व्रीड़नक–विनय व्यवहार तथा मर्यादा भंग होने तथा गुप्त रहस्य प्रकट होने आदि कारणों से मन में शर्म या संकोच का भाव उठना। जैसे कुल के गुरुजनों के समक्ष, मर्यादा भंग या गुप्त रहस्य प्रकट होने से कुलवधू लज्जा से पानी पानी हो जाती है।

६. बीभत्स रस–घृणास्पद वस्तु को देखने–सुनने से इसकी उत्पत्ति होती है। जैसे पशु के सड़े हुए शव पर गीधों, कौवों को माँस नोंचते देखकर मन घृणा से भर जाता है।

७. हास्य रस–किसी विचित्र बात पर हँसना। जैसे भाभी ने सोये हुए देवर के मुँह पर काजल पोत दिया। जब वह उठा तो उसका काला मुँह देखकर सब ही–ही करके हँसने लगते हैं।

८. करुण रस–प्रियजन के वियोग की पीड़ा से शोक, विलाप रूप वेदना करुणाभाव है। जैसे–युवक की मृत्यु पर पत्नी, माता आदि का विलाप मन में करुणाभाव पैदा करता है।

९. शान्त रस–काम, क्रोध आदि विकारों से मुक्त होकर समाधि भाव में रमण करने पर परम शान्ति की अनुभूति होना जैसे–महायोगी वीतराग भगवान की शान्त, प्रसन्न भाव मुद्रा।

–सूत्र २६२–११

5. Vridanak-rasa—The rising of the emotion of shame or bashfulness when codes of modesty and behaviour are transgressed or a secret is revealed. For example the face of a bride turns red with bashfulness when some very personal matter is revealed before elders.

6. Vibhatsa-rasa—It is evoked when looking at or hearing about an abhorrent thing. For example the scene of vultures pecking at a decaying corpse of an animal fills one with disgust.

7. Hasya-rasa—To laugh at some thing strange and comic. For example a woman, smears lamp-black on the cheeks of the sleeping younger brother of her husband. When he wakes up she laughs loudly looking at his face.

8. Karun-rasa—It is the pain of separation from the loved ones expressed by lamenting or crying. For example on death of a young man the wailing of his wife, mother, and others evokes the emotions of karuna.

9. Prashant-rasa—It is the experience of ultimate peace when one is absorbed in profound meditation (*samadhi*) after freeing himself of passions like lust and anger. For example the serenity and radiance on the face of the detached and great yogi Tirthankar.

—*Sutra : 262-11*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(९) पियविप्पयोग–बंध–वह–वाहि–विणिवाय–संभमुप्पन्नो।

सोइय–विलविय–पव्वाय–रुन्नलिंगो रसो कलुणो॥७८॥

२६२. (९) निर्दोष प्रिय (पति, पुत्र आदि स्वजन) के वियोग, बंध, वध, व्याधि, विनिपात–पुत्रादि के मरण एवं संभ्रम–परचक्रादि के भय आदि के कारण करुणरस उत्पन्न होता है। शोक, विलाप, म्लानता, मुँह सूखना और रुदन आदि करुणरस के लक्षण हैं।।७८॥

कलुणो रसो जहा–

पज्झातकिलामिययं बाहागयपप्पुयच्छियं बहुसो।

तस्स वियोगे पुत्तिय ! दुब्बलयं ते मुहं जायं॥७९॥

करुणरस का उदाहरण–(माता या सास कहती है)–हे पुत्रि ! प्रियतम के वियोग में अत्यधिक चिन्ता से क्लान्त–मुर्झाया हुआ और आँसुओं से भीगी आँखों वाला तेरा मुख दुर्बल हो गया है।।७९॥

8. KARUN-RASA

262. (9) The *Karun-rasa* (pathos or tragic sentiment) is caused by separation from the beloved (husband, son, etc.) confinement, killing, ailment, death (of husband, son, etc.) and fear. It is characterized by sorrow, lamenting, gloom, nervousness, and wailing. (78)

The example of *Karun-rasa* (pathos or sentiment of sorrow) is—

(Mother or an elderly lady says to a young girl—) O daughter ! The fatigue of excessive brooding triggered by separation from the beloved and tear-filled eyes have deprived your face of its healthy glow. (79)

९. प्रशान्त रस

(१०) निद्दोसमण–समाहाणसंभवो जो पसंतभावेणं।

अविकारलक्खणो सो रसो पसंतो त्ति णायव्वो॥८०॥

२६२. (१०) निर्दोष मन की समाधि (स्वस्थता और एकाग्रता) से और प्रशान्त भाव से शान्त रस उत्पन्न होता है। अविकार उसका लक्षण है।।८०॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पसंतो रसो जहा–

सब्भावनिव्विकारं उवसंत–पसंत–सोमदिट्ठीयं।

ही ! जह मुणिणो सोहति मुहकमलं पीवरसिरीयं।।८१।।

प्रशान्त रस का उदाहरण–स्वभाव से विकार रहित, प्रशान्त, सौम्य दृष्टि युक्त और पुष्ट कान्ति वाला मुनि का मुख कमल की तरह अतीव सुशोभित हो रहा है।।८१॥

9. PRASHANT-RASA

262. (10) The *Prashant-rasa* (sentiment of serenity) is the consequence of the *samadhi* (profound meditation) of an unblemished mind and absolute serenity. It is characterized by absence of perversion. (80)

The example of *Prashant-rasa* (sentiment of serenity) is—

The radiant face of the sage with pacifying eyes, whose mind is tranquil and free of any aberrations, looks resplendent like a blooming lotus. (81)

(११) एए नव कव्वरसा बत्तीसादोसविहिसमुप्पण्णा।

गाहाहिं मुणेयव्वा हवंति सुद्धा व मीसा वा।।८२॥

से तं नवनामे।

२६२. (११) ये नव काव्यरस अलीक (असत्य), निरर्थक आदि बत्तीस दोष विधियों से उत्पन्न होते हैं, इन्हें उपर्युक्त गाथाओं से जानना चाहिए। ये रस किसी काव्य में कहीं शुद्ध (अमिश्रित) भी होते हैं और किसी में मिश्रित (अनेक रसों के मिश्रण से) भी होते हैं।।८२॥

नवनाम का निरूपण पूर्ण हुआ।

262. (11) These nine sentiments of poetry, which have their origin in thirty two kinds of faults (including falsity and the senseless) are to be known through the aforesaid verses. In some poem they are found to be pure (one single sentiment) and in others mixed (a mixture of more than one sentiment) as well. (82)

This concludes the description of *No nama* (Nine-named).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विवेचन–काव्य शास्त्र में नवरसों में प्रत्येक के चार भाव बताये गये हैं। रसों की उत्पत्ति, अनुभूति और अभिव्यक्ति में भाव, विभाव, अनुभाव आदि की विस्तृत चर्चा काव्य ग्रन्थों में मिलती है। जिसकी तालिका इस प्रकार है–

रस	स्थायीभाव	संचारीभाव	विभाव	अनुभाव
(१) शृंगार	रति	जुगुप्सा, आलस्य आदि	ऋतु, माला, आभूषण आदि	मुस्कराहट, मधुरवचन, कटाक्ष आदि
(२) हास्य	हास	लज्जा, निद्रा, असूया आदि	विकृत आकृति, वाणी, वेश आदि	स्मित, हास आदि
(३) करुण	शोक	निर्वेद, मोह, दीनता आदि	इष्ट वियोग, अनिष्ट संयोग आदि	दैवोपलम्भ, निःश्वास, स्वरभेद
(४) रौद्र	क्रोध	उग्रता, मद, चपलता आदि	असाधारण अपमान, कलह, विवाद आदि	नथुने फुलाना, होठ फड़फड़ाना, कनपटी फड़कना आदि
(५) वीर	उत्साह	गर्व, धृति, असूया, अमर्ष आदि	प्रतिनायक का अविनय, शौर्य, त्याग आदि	धैर्य, दानशीलता, वाग्दर्प आदि
(६) भयानक	भय	त्रास, चिन्ता आवेग आदि	गुरु या राजा का अपराध, भयंकर रूप देखना, भयंकर शब्द सुनना आदि	शरीर कम्पन, घबराहट, होठ सूखना कण्ठ सूखना आदि
(७) बीभत्स	जुगुप्सा	अपस्मार, दैन्य, जड़ता	घृणास्पद तथा अरुचिकर वस्तु का दर्शन आदि	अंगसंकोच, थूकना, मुँह फेरना आदि
(८) अद्‌भुत	विस्मय	वितर्क, आवेग, औत्सुक्य आदि	दिव्य वस्तु का दर्शन, देवागमन, माया, इंद्रजाल आदि	नेत्र विस्तार, निर्निमेष दर्शन, भ्रूक्षेप, रोमांच आदि
(९) शान्त	शम	धृति, हर्ष, निर्वेद आदि	वैराग्य, संसारभय, तत्त्वज्ञान आदि	यम–नियम पालन, अध्यात्म–शास्त्र चिन्तन आदि
(१०) वत्सल	वात्सल्य	हर्ष, गर्व, उन्माद आदि	शिशु–दर्शन आदि	स्नेहपूर्वक देखना, हँसना, गोद लेना आदि
(११) भक्ति	ईश्वर-विषयक प्रेम	हर्ष, औत्सुक्य, निर्वेद, आदि	राम, कृष्ण, महावीर आदि	नेत्र विकास, गद्‌गद् वाणी, रोमांच आदि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration—There are said to be four *bhaavas* (states) of each of these nine sentiments—*sthayi-bhaava* (emotion), *sanchari-bhaava* (transitional state or moods), *vibhaava* (apparent cause), *anubhaava* (gesture). Detailed discussion about rising, experience, and expression of rasas (sentiments) is available in works of poetics. Here the names are given in tabulated form—

rasa (sentiment)	sthayi-bhaava (emotion)	sanchari-bhaava (mood)	vibhaava (apparent cause)	anubhaava (gesture)
(1) *Shringar*	*rati* (erotic)	loathing, lethargy, etc.	season, garland, ornaments, etc.	smile, sweet words, flirtatious glance, etc.
(2) *Hasya*	*hasya* (humour)	bashfulness, sleep, jealousy, etc.	distorted shape, speech, dress, etc.	smile, laughter, etc.
(3) *Karun*	*shoka* (pathos)	detachment, fondness, humility, etc.	distance from the desired, proximity with undesired, etc.	blaming fate, gasp, loss of speech, (etc.)
(4) *Raudra*	*krodh* (rage)	agitation, pride, infirmity, etc.	great insult, quarrel, argument, etc.	flaring of nostrils, trembling of lips, and temples, etc.
(5) *Vira*	*utsaha* (zeal)	pride, patience, jealousy, anger, etc.	misbehavior of antagonist, valour, sacrifice, etc.	patience, altruism, boasting, etc.
(6) *Bhayanak*	*bhaya* (fear)	distress, worry, excitement, etc.	crime by guru or king, horrifying form, horrifying sound, etc.	trembling, nervousness, drying of lips and throat, etc.
(7) *Vibhatsa*	*jugupsa* (loathing)	epilepsy, humility, torpor, etc.	seeing loathsome and ugly things, etc.	flinching, spitting, turning away, etc.
(8) *Adbhut*	*vismaya* (wonder)	argument, excitement, curiosity, etc.	divine vision, appearing of a god, illusion, magic, etc.	widening of eyes, staring, frowning, thrill, etc.
(9) *Shant*	*sham* (tranquillity)	patience, joy, detachment, etc.	detachment, fear of rebirth, knowledge of fundamentals, etc.	observing yogic conduct, philosophical contemplation, etc.
(10) *Vatsal*	*vatsalya* (affection)	joy, pride, frenzy, etc.	seeing a child, etc.	affectionate glance, laughing, taking the child in lap, etc.
(11) *Bhakti*	love for God	joy, curiosity, detachment, etc.	Rama, Krishna, Mahavir, etc.	widening of eyes, faltering speech, exhilaration, etc.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत सूत्र में बताये गये नव रसों के नाम, उत्पत्ति स्थान और लक्षणों की तालिका इस प्रकार है–

रस	उत्पत्ति	लक्षण
वीर	परित्याग, तपश्चरण, शत्रुविनाश	अपश्चात्ताप, धैर्य, पराक्रम
शृंगार	रति, संयोग की अभिलाषा	विभूषा, विलास, कामचेष्टा, हास्य, लीला और रमण
अद्‌भुत	अपूर्व और अनुभूतपूर्व वस्तु	हर्ष और विवाद
भयंकर	भयंकर रूप आदि, अंधकार, चिन्ता और भयंकर कथा	संमोह, संभ्रम, विषाद और मरण
व्रीड़नक	गुह्य और गुरुस्त्री की मर्यादा का अतिक्रमण	लज्जा, शंका
बीभत्स	अशुचि पदार्थ, शव, अनिष्ट दृश्य और दुर्गंध	निर्वेद और जीव हिंसा के प्रति होने वाली घृणा
हास्य	रूप, वय, देश और भाषा आदि का विपर्यय	मुख, नेत्र का विकास
करुण	प्रिय–वियोग, वध, बंध, विनिपात, व्याधि और संभ्रम	शोक, विलाप, म्लानता और रोदन
शान्त	एकाग्रता और प्रशान्त भाव	अविकार

The table of the name, origin, and characteristics of nine rasas (sentiments) mentioned in this aphorism are as follows—

Rasa	**Origin**	**Characteristics**
Vira	renunciation, austerities, destruction of enemies	non-repentance, patience, valour
Shringar	indulgence, desire for union	adornment, erotic gestures, sexual act, laughter, merriment, and amorous dalliance.
Adbhut	novelty and unique experience	joy and sorrow
Raudra	horrendous forms, sounds, and darkness and talks of these	perplexity, alarm, sorrow, and death.
Vridanak	breaking code of secrecy and modest behaviour with respectable women	shame and apprehension

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Vibhatsa	filth, corpse, and obnoxious things	detachment, disgust, and apathy for violence
Hasya	paradox or bizarreness of form, age, dress, and language	brightening of the face and eyes
Karun	separation from beloved, confinement, killing, ailment, death, and fear	sorrow, lamenting, gloom, nervousness, and wailing
Prashant	concentration and complete serenity	absence of perversion

बत्तीस दोष–

सूत्र २६२/११ की व्याख्या में काव्य के बत्तीस दोषों का उल्लेख है, परन्तु उनका विवरण यहाँ नहीं दिया है। स्वर मंडल प्रकरण में भी बत्तीस दोषों का उल्लेख है। वहाँ टीकाकार में इनका संकेत किया है। ३२ दोष सार रूप में इस प्रकार हैं–

(१) असत्य प्रतिपादन	(२) हिंसाकारक प्रतिपादन
(३) अर्थशून्य केवल शाब्दिक संरचना	(४) असंबद्ध प्रतिपादन
(५) छलयुक्त प्रतिपादन	(६) द्रोहपूर्ण उपदेश
(७) निस्सारता	(८) आवश्यकता से अधिक अक्षर और पद
(९) अपेक्षित अक्षरों और पदों से हीन	(१०) पुनरुक्ति
(११) व्याहत पूर्वापर विरोध	(१२) युक्ति-शून्यता
(१३) व्युत्क्रम	(१४) वचन-व्यत्यय
(१५) विभक्ति-व्यत्यय	(१६) लिंग-व्यत्यय
(१७) स्वसिद्धान्त में अनुपदिष्ट	(१८) अपद-किसी अन्य छंद के अधिकार में अन्य छंद का कथन
(१९) स्वभाव हीन	(२०) व्यवहित
(२१) कालदोष-काल का व्यत्यय	(२२) यतिदोष-अस्थान में विराम
(२३) छविदोष-अलंकार शून्यता	(२४) समयविरुद्ध-स्वसिद्धान्त के विरुद्ध
(२५) वचनमात्र-निर्हेतुक	(२६) अर्थापत्ति दोष
(२७) असमास दोष	(२८) उपमा दोष
(२९) रूपक दोष	(३०) निर्देश दोष
(३१) पदार्थ दोष	(३२) सन्धि दोष।

(देखें–बृहत्कल्पभाष्य भाग प्रथम, गाथा २७८ से २८१ की वृत्ति तथा ज्ञान मुनि कृत हिन्दी टीका भाग २ पृ. २८८ से २९०। नवरसों का विस्तृत वर्णन भी इसी भाग २ में पृ. ३०७ पर देखा जा सकता है।)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

THIRTY TWO FAULTS

In the elaboration of aphorism 262/11 there is a mention of 32 faults but their details have not been given. In the discussion about circle of musical sounds these 32 faults also find a mention. Brief information about these faults is as follows—

(1) To propagate false concepts.

(2) To propagate violent concepts.

(3) Meaningless composition of word.

(4) Incongruent propagation

(5) To propagate deceitful concepts.

(6) Hostile preaching.

(7) Worthlessness.

(8) More then required syllabus and stanzas.

(9) Devoid of desired syllables and stanzas.

(10) Repetitiveness.

(11) Disturbing contradiction of sequence.

(12) Absence of logic.

(13) Disorder.

(14) Discrepancy of words.

(15) Discrepancy of inflection.

(16) Discrepancy of gender.

(17) Beyond one's faith.

(18) Metrical discrepancy.

(19) Devoid of intrinsic characteristics.

(20) Concealed or isolated.

(21) Discrepancy of period.

(22) Discrepancy of pause.

(23) Absence of ornamentation or rhetoric.

(24) Contradiction of one's on theory.

(25) Without cause and reason.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(26) Faulty use of double meaning.

(27) Avoiding compounding where required.

(28) Faulty metaphor.

(29) Faulty allegory.

(30) Faulty instruction.

(31) Faulty meaning.

(32) Faulty coalescence or compounding.

(for more details refer to Brihatkalpabhashya, vritti of verses 278-281; Tika of Anuyogadvara Sutra by Shri Jnana Muni, part-2, p. 288-290. Detailed description of nine rasas is also available in the same part-2, p. 307)

सचित्र अनुयोगद्वार सूत्र प्रथम भाग समाप्त

END OF ILLUSTRATED ANUYOGADVARA SUTRA FIRST PART

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपप्रवर्त्तक
श्री अमर मुनि

प्रस्तुत सूत्र के सम्पादक श्री अमर मुनि जी, श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रमणसंघ के एक तेजस्वी संत हैं। आपकी वाणी में जादू है। श्रोता जब आपश्री के मुख से जिनवाणी का रसास्वाद करते हैं तो झूमने लग जाते हैं।

जिनवाणी के परम उपासक गुरुभक्त श्री अमर मुनि जी का जन्म वि. सं. १९९३ भादवा सुदि ५ (सन् १९३६), क्वेटा (बलूचिस्तान) के मल्होत्रा परिवार में हुआ।

११ वर्ष की लघुवय में आप जैनागम रत्नाकर आचार्यसम्राट श्री आत्माराम जी महाराज की चरण-शरण में आये और आचार्यदेव ने अपने प्रिय शिष्यानुशिष्य भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज को इस रत्न को तराशने/सँवारने का दायित्व सौंपा। गुरुदेव श्री भण्डारी जी महाराज ने अमर को सचमुच अमरता के पथ पर बढ़ा दिया। आपने संस्कृत-प्राकृत-आगम-व्याकरण-साहित्य आदि का अध्ययन करके एक ओजस्वी प्रवचनकार, तेजस्वी धर्म-प्रचारक तथा जैन आगम साहित्य के अध्येता और व्याख्याता के रूप में जैन समाज में प्रसिद्धि प्राप्त की।

आपश्री ने भगवती सूत्र (४ भाग), प्रश्नव्याकरण सूत्र (२ भाग), सूत्रकृतांग सूत्र (२ भाग) आदि अनेक आगमों की सुन्दर विस्तृत व्याख्याएँ की हैं। आगम साहित्य का सचित्र प्रकाशन करने की अभिनव अद्वितीय संकल्पना की है।

UP-PRAVARTAK SHRI AMAR MUNI

The editor-in-chief of this Sutra, is a brilliant ascetic affliated with Shri Vardhaman Sthanakvasi Jain Shraman Sangh. He is endowed with a maganetic style of oration. When masses listen to the tenets of Jina they are spellbound.

A great worshiper of the tenets of Jina and a devotee of his Guru, Shri Amar Muni Ji was born in a Malhotra family of Queta (Baluchistan) on Bhadva Sudi 5th in the year 1993 V.

He took refuge with Jainagam Ratnakar Acharya Samrat Shri Atmaram Ji M. at an immature age of eleven years. Acharya Samrat entrusted his dear grand-disciple, Bhandari Shri Padmachandra Ji M. with the responsibility of cutting and polishing this raw gem. Gurudev Shri Bhandari Ji M. indeed, put Amar (immorta) on the path of immortality. He studied Sanskrit, Prakrit, Agams, Grammar and Literature to gain fame in the Jain society as an eloquent orator, an effective religions preacher and a scholar and interpreter of Jain Agam literature.

He has written nice and detailed commentaries of Bagavati Sutra (in four parts), Prashnavyakaran Sutra (in two parts), Sutrakritanga Sutra (in two parts) and some other Agams. He is the one who came out with the unique concept of the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विश्व में पहली बार जैन साहित्य के इतिहास में एक नया शुभारम्भ

सचित्र आगम : हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद के साथ

For the first time in the history of Jain Literature a unique beginning Illustrated Agams With Hindi and English Translations

सचित्र उत्तराध्ययनसूत्र

(Illustrated Uttaradhyayan Sutra) **Rs. 500.00**

भगवान महावीर की अन्तिम वाणी अत्यन्त शिक्षाप्रद, ज्ञानवर्द्धक जीवन सन्देश।

The last sermon of Bhagavan Mahavir. Inspiring and enlightening teachings.

सचित्र अन्तकृद्दशासूत्र

(Illustrated Antakriddasha Surtra) **Rs. 500.00**

अष्टम अंग। ९० मोक्षगामी आत्माओं का तप-साधना पूर्ण रोचक जीवन वृत्तान्त।

The eighth Jain canon (Anga). Inspiring stories of the spiritual pursuits of 90 great men destined to be liberated.

सचित्र कल्पसूत्र *(Illustrated Kalpa-Sutra)* Rs. 500.00

पर्युषण पर्व में पठनीय २४ तीर्थंकरों का जीवन-चरित्र व स्थविरावली आदि का वर्णन। रंगीन चित्रमय।

Most suited for study during the Paryushan Parva. The biographies of the 24 Tirthankars along with the chronological list of the Sthavirs of the post Mahavir Jain tradition. Multicolored illustrations.

सचित्र ज्ञाता धर्म कथांगसूत्र (भाग १, २) Rs. 1000.00

(Illustrated Jnata Dharma Kathang Sutra, Part 1 & 2)

भगवान महावीर द्वारा कथित बोधप्रद दृष्टान्त एवं रूपकों आदि को सुरम्य चित्रों द्वारा सरल सुबोध शैली में प्रस्तुत किया गया है। दोनों भाग १०००/-.

Famous inspiring and enlightening tales told by Bhagavan Mahavir presented with colorful illustrations in this unique and attractive edition of the sixth Jain canon.

सचित्र दशवैकालिकसूत्र

(Illustrated Dashavaikalik Sutra) **Rs. 500.00**

जैन श्रमण की सरल आचार संहिता : जीवन में पद-पद पर काम आने वाले विवेकयुक्त, संयत व्यवहार, भोजन, भाषा, विनय आदि की मार्गदर्शक सूचनाएँ। आचार विधि को रंगीन चित्रों के माध्यम से आकर्षक और सुबोध बनाया गया है।

The simple rule book of Shraman conduct rendered vividly with the help of colorful illustrations. Useful at every step in life, even for common man, as a guide book for good behavior, balanced conduct, and norms of etiquette, food and speech.

सचित्र श्री नन्दीसूत्र

(Illustrated Sri Nandi Sutra) **Rs. 500.00**

मतिज्ञान-श्रुतज्ञान आदि पाँच ज्ञान का सर्वांग पूर्ण विवेचन चित्रों सहित।

All enveloping discussion of the five facets of knowledge including Mati-Jnana and Sruta Jnana.

सचित्र आचारांग सूत्र (भाग १, २)

(Illustrated Acharanga Sutra-Part 1&2) **Rs. 1000.00**

आचारांग सूत्र भगवान महावीर के दर्शन का आधारभूत प्रथम अंग सूत्र है।

Acharanga Sutra is the first Anga Sutra, the foundation of Bhagavan Mahavir's philosophy.

सचित्र उपासक दशा एवं अनुत्तरौपपातिक दशा सूत्र

(Illustrated Upasak Dasha and Anuttaraupapatik-Dasha Sutra) **Rs. 500.00**

१० श्रावकों तथा ३३ श्रमणों की तपःसाधना का वर्णन।

Description of Spiritul and ascetic practices of 10 Shravaks and 33 Shramans.

सभी सचित्र आगमों के सम्पादक वाणी भूषण उपप्रवर्तक श्री अमर मुनि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org